# उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता (UPTET) परीक्षा-2021
## प्राथमिक स्तर (Class I-V) निरस्त
### व्याख्या सहित प्रथम प्रश्न-पत्र का हल (परीक्षा तिथि : 28 नवम्बर, 2021)

## Child Development and Teaching Method
## बाल विकास एवं शिक्षण विधि

**1. Which of the following is NOT the main laws of learning given by thorndike?**
**निम्न में से कौन-सा थार्नडाइक द्वारा दिया गया अधिगम का मुख्य नियम नहीं है?**

(a) Law of Exercise/अभ्यास का नियम
(b) Law of Readiness/तत्परता का नियम
(c) Law of Effect/प्रभाव का नियम
(d) Law of attitude/अभिवृत्ति का नियम

**Ans. (d) :** थार्नडाइक द्वारा दिया गया अधिगम का मुख्य नियम अभिवृत्ति का नियम नहीं है।
थार्नडाइक द्वारा दिये गये अधिगम के मुख्य तीन नियम हैं–
(1) अभ्यास का नियम (2) तत्परता का नियम
(3) प्रभाव का नियम।
थार्नडाइक द्वारा दिये गये पाँच गौण नियम–
1. मनोवृत्ति का नियम (Law of attitude)
2. बहुअनुक्रिया का नियम (Law of multiple respose)
3. आंशिक क्रिया का नियम (Law of partial activity)
4. आत्मीकरण का नियम (Law of self realization)
5. साहचर्य परिवर्तन का नियम (Law of associative chang)

**2. Kohler and Kofka believed learning to a function of :**
**कोहलर तथा कोफ्का के अनुसार सीखना होता है–**

(a) Imitation/अनुकरण द्वारा
(b) Trial effort/प्रयास द्वारा
(c) Insight/सूझ द्वारा
(d) Exercise/अभ्यास द्वारा

**Ans. (c) :** कोहलर, कोफ्का तथा वर्दीमर के अनुसार सूझ द्वारा सीखा जाता है। सूझ का आशय अचानक किसी समस्या का हल निकलने से है।

कोहलर ने एक पिंजरे में सुल्तान नामक चिम्पैंजी को बन्द कर दिया। पिंजरे में दो छड़ी इस प्रकार रखी गईं कि उन्हें एक-दूसरे में फंसाकर लम्बा बनाया जा सकता था और पिंजरे के बाहर केले इधर-उधर रखे गये थे। चिम्पैंजी केलों तक नहीं पहुँच सकता था। केलों को देखकर चिम्पैंजी उन्हें लेने का प्रयास करने लगा, किन्तु बिना छड़ों की सहायता से उन्हें प्राप्त करना कठिन था। अचानक चिम्पैंजी की दृष्टि छड़ी पर गई और उसने केलों और छड़ी को उठाया। अचानक दोनों छड़ी को उसने एक-दूसरे में फंसाया और उन्हें लम्बा कर लिया तथा उन छड़ी की सहायता से केलों को अपनी ओर खींच कर प्राप्त कर लिया। इस प्रकार कोहलर ने चिम्पैंजी पर प्रयोग किए और निष्कर्ष निकाला कि जीव-सम्पूर्ण वातावरण का प्रत्यक्षीकरण करता है और इसके आधार पर उनमें सूझ उत्पन्न होती है और इस सूत्र से वह अपनी समस्या का समाधान करना सीख लेता है।

**3. Who was the father of social constructivism?**
**सामाजिक निर्माणवाद के जनक कौन थे?**

(a) Novak/नोवाक (b) Vyogotski/वाइगोत्सकी
(c) Piaget/पियाजे (d) Glaserfled/ग्लॉसरफ्लेड

**Ans. (b) :** सामाजिक निर्माणवाद के जनक वाइगोत्सकी हैं। वाइगोत्सकी का सामाजिक दृष्टिकोण संज्ञानात्मक विकास का एक प्रगतिशील विश्लेषण प्रस्तुत करता है। वाइगोत्सकी का मानना है कि बालक का विकास समाज के द्वारा अर्थात् सामाजिक अन्तःक्रिया द्वारा ज्ञान अर्जन करता है।

**4. Which of the following is not a characteristic of development?**
**निम्न में से कौन विकास की विशेषता नहीं है?**

(a) To be cumulative./संचयी होना
(b) To be Directional./दिशात्मक होना
(c) To be specific./विशिष्ट होना
(d) To be uncontrolled and independent. अनियंत्रित एवं स्वतंत्र होना

**Ans. (d) :** अनियंत्रित एवं स्वतंत्र होना विकास की विशेषता नहीं है। जबकि अन्य (a) संचयी होना (b) दिशात्मक होना (c) विशिष्ट होना विकास की विशेषताएँ हैं।

**5. Author of the book 'Hereditary Genius' is :**
**'हेरिडिटरी जीनियस' पुस्तक के लेखक है ........... .**

(a) Hurlock/हरलॉक (b) Galton/गाल्टन
(c) Woodworth/वुडवर्थ (d) Ross/रॉस

**Ans. (b) :** 'हेरिडिटरी जीनियस' पुस्तक के लेखक गाल्टन हैं। फ्रांसिस गाल्टन प्रथम मनोवैज्ञानिक थे जिन्होंने वैयक्तिक विशेषताओं की आनुवंशिकता का अध्ययन किया। उन्होंने अपने इस अध्ययन से निष्कर्ष के रूप में अपनी पुस्तक (Hereditary Genius) में बताया कि वैयक्तिक आनुवंशिकता होती है।

**6. Lowest level of cognitive achievement is :**
**संज्ञानात्मक सम्प्राप्ति का न्यूनतम स्तर है–**

(a) Understanding/बोध (b) Knowledge/ज्ञान
(c) Application/अनुप्रयोग (d) Evaluation/मूल्यांकन

**Ans. (b) :** संज्ञानात्मक सम्प्राप्ति का न्यूनतम स्तर ज्ञान है। ब्लूम के वर्गीकरण के अनुसार संज्ञानात्मक उद्देश्यों का एक श्रेणीबद्ध संगठन है। ब्लूम सीखने के उद्देश्यों को तीन क्षेत्र, संज्ञानात्मक, भावात्मक और संवेदी डोमेन (क्रियात्मक) में वर्गीकृत करता है–
(1) संज्ञानात्मक ज्ञान क्षेत्र– मानसिक कौशल
(2) भावात्मक ज्ञान क्षेत्र– भावनाओं या भावनात्मक क्षेत्रों में वृद्धि
(3) साइकोमोटर ज्ञान क्षेत्र– शारीरिक कौशल
संज्ञानात्मक ज्ञान-क्षेत्र में सीखने की छह (6) श्रेणियां शामिल है जो बौद्धिक कौशल के विकास में काम करती है।



www.SarkariTeachers.com




अतः संज्ञानात्मक सम्प्राप्ति का न्यूनतम स्तर ज्ञान है।

**7. The last step of microteaching is :**
**सूक्ष्म-शिक्षण का अंतिम सोपान है–**

(a) Feedback/प्रतिपुष्टि
(b) Re-planning/पुनः योजना
(c) Re-feedback/पुनः प्रतिपुष्टि
(d) Re-teaching/पुनः शिक्षण

**Ans. (c) :** सूक्ष्म-शिक्षण का अंतिम सोपान पुनः प्रतिपुष्टि है। सामान्यतः सूक्ष्म-शिक्षण में छः चरण सम्मिलित किये गये हैं–

(1) पाठ योजना (2) शिक्षण
(3) प्रतिपुष्टि (4) पुनः योजना
(5) पुनः शिक्षण (6) पुनः प्रतिपुष्टि

अतः सूक्ष्म-शिक्षण का अंतिम चरण पुनः प्रतिपुष्टि है।

**8. According to 'Guilford', divergent thinking requires :**
**गिल्फोर्ड के अनुसार अपसारी चिंतन में आवश्यक है–**

(a) Categorization./श्रेणीकरण
(b) Fluency of ideas./विचार प्रवाह
(c) Arithmetical reasoning./अंकगणितीय तर्क
(d) One solution./एक समाधान

**Ans. (b) :** गिलफोर्ड के अनुसार अपसारी चिंतन में विचार प्रवाह आवश्यक है।

जब किसी व्यक्ति के सामने कोई समस्या रखी जाती है एवं उस समस्या के समाधान के लिए वो व्यक्ति अपनी कल्पना शक्ति एवं सृजनात्मकता का प्रयोग करता है तथा उस समस्या के समाधान के रूप में एक से अधिक हल प्रस्तुत करता है, तो इस प्रकार के चिंतन को अपसारी चिंतन कहते हैं।

अपसारी चिंतन (out-of-the-box) चिंतन पर आधारित है। (out-of-the-box) चिंतन का मतलब होता है सामान्य सोच से अलग सोच पैदा कर किसी चीज के बारे में सूचना।

**उदाहरण–** जब कक्षा में एक शिक्षक किसी विद्यार्थी से प्रश्न करता है कि यदि तुम्हारे पंख लगे होते हैं, तो तुम क्या करते?

इस प्रश्न का उत्तर उपयुक्त उत्तर नहीं है। अतः ऐसी स्थिति में बालक इस प्रश्न पर कल्पना करेगा और फिर अपने विचार प्रस्तुत करेगा–

- मुझे पंख बहुत पसंद है, अगर मेरे पंख होते, तो मैं पूरी दुनिया की सैर करता।
- अगर मेरे पंख होते, तो मैं आसमान में पक्षियों के साथ उड़ने की रेस लगाता।

अतः यहाँ पर बालक ने अपसारी चिंतन का प्रयोग करके प्रश्न का उत्तर दिया है।

**9. Who is the propounder of Brain-storming method?/मस्तिष्क उद्वेलन विधि के प्रतिपादक कौन हैं?**

(a) John Dewey/जॉन डीवी (b) Osborn/ऑस्बोर्न
(c) Hurlock/हरलॉक (d) Ausubel/ऑसबेल

**Ans. (b) :** मस्तिष्क उद्वेलन विधि के प्रतिपादक ऑस्बोर्न हैं।

मस्तिष्क उद्वेलन विधि में बालक के सम्मुख ऐसी समस्या प्रस्तुत की जाती है, जिसके द्वारा बालक के मस्तिष्क में उथल-पुथल उत्पन्न होती है एवं इस उथल-पुथल के द्वारा बालक किसी नवीन विषय को प्रकट करता है।

- इस विधि में बालकों के मस्तिष्क को सक्रिय करने और समस्या समाधान हेतु उकसाया जाता है।
- इस विधि में बालकों को पूर्ण स्वतंत्रता दी जाती है।

**10. Who is associated with Thematic Apperception test./प्रासंगिक अन्तर्बोध परीक्षण से कौन सम्बन्धित हैं–**

(a) C.D. Morgan/सी.डी. मॉर्गन
(b) H.A. Murray/एच.ए. मुरे
(c) Both (a) and (b)/(a) एवं (b) दोनों
(d) J.L. Moreno/जे.एल.मोरेनो

**Ans. (c) :** प्रासंगिक अन्तर्बोध परीक्षण सी.डी. मॉर्गन एवं एच.ए. मुरे द्वारा प्रतिपादित किया गया है। प्रासंगिक परीक्षण को कथानक बोध परीक्षण भी कहते हैं। यह परीक्षण व्यक्ति को मापने की एक प्रक्षेपीय तकनीक है। इसके द्वारा व्यक्तित्व की विशेषताओं की जाँच की जाती है। इस परीक्षण में कुल 31 कार्ड होते है। इस परीक्षण में 30 चित्रों का प्रयोग किया जाता है। इसमें 10 चित्र महिलाओं के लिए, 10 चित्र पुरुषों के लिए तथा 10 चित्र दोनों के लिए होते हैं और एक कार्ड सादा होता है। साधारणतः अन्तिम 10 चित्रों का ही प्रयोग किया जाता है।

**11. First stage of creative thinking is known as :**
**सर्जनात्मक चिंतन की प्रथम अवस्था कहलाती है–**

(a) Preparation/आयोजन (b) Incubation/उद्भव
(c) Illumination/प्रबोधन (d) Revision/संशोधन

**Ans. (a) :** सर्जनात्मक चिंतन की प्रथम अवस्था आयोजन कहलाती है। इस अवस्था में व्यक्ति को समस्या के पक्ष व विपक्ष में आवश्यक तथ्य एकत्र करने होते है। जैसे-एक चित्रकार को अपनी पेंटिंग बनाने से पूर्व किसी प्राकृतिक स्थान पर बैठकर रंग, आकार, रोशनी आदि का ज्ञान पहले प्राप्त करना होता है।

**12. Stimulus Response theory was propounded by:**
**उद्दीपक अनुक्रिया सिद्धान्त का प्रतिपादन किया था–**

(a) Thorndike/थार्नडाइक
(b) Gestalt/गेस्टाल्ट
(c) Both of the above/उपर्युक्त दोनों
(d) None of the above/इनमें से कोई नहीं

**Ans. (a) :** उद्दीपक अनुक्रिया सिद्धान्त का प्रतिपादन थार्नडाइक ने किया है। थार्नडाइक ने उद्दीपक और प्रतिक्रिया के बन्धनों का अध्ययन करने के लिए उद्दीपन अनुक्रिया सिद्धान्त का प्रतिपादन किया और सीखने के तीन प्रमुख नियम बताए–

(1) तत्परता का नियम (2) अभ्यास का नियम
(3) प्रभाव का नियम

थार्नडाइक के अनुसार– "सीखना सम्बन्ध स्थापित करना है। सम्बन्ध स्थापित करने का कार्य मस्तिष्क करता है।" सीखने की प्रक्रिया में शारीरिक और मानसिक क्रियाओं में सम्बन्ध होना आवश्यक है।



www.SarkariTeachers.com

13. **Which factors affect learning :**
**कौन-से कारक अधिगम को प्रभावित करते हैं?**

(a) Personal factor/व्यक्तिगत कारक
(b) Environmental factor/वातावरण सम्बन्धी कारक
(c) Social factor/सामाजिक कारक
(d) All of the above/उपर्युक्त सभी

**Ans. (d) :** मनोवैज्ञानिकों ने अपने प्रयोगों के आधार पर ऐसे कारकों का अध्ययन किया है, जो सामान्य रूप से सभी व्यक्तियों के सीखने को प्रभावित करते हैं। सीखने को प्रभावित करने वाले कारक निम्न हैं–

(1) व्यक्तिगत कारक
(2) वातावरण सम्बन्धी कारक
(3) सामाजिक कारक
(4) शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य कारक
(5) सफलता या परिणाम का ज्ञान कारक

अतः उपर्युक्त सभी सीखने को प्रभावित करने वाले कारक हैं।

14. **Who gave the concept of multiple intelligence.**
**बहुबुद्धि का सिद्धान्त किसने दिया था–**

(a) Piaget/पियाजे (b) Bruner/ब्रुनर
(c) Gardner/गार्डनर (d) Vyogotsky/व्योगोत्सकी

**Ans. (c) :** बहु-बुद्धि का सिद्धान्त गार्डनर द्वारा प्रतिपादित किया गया था। इस सिद्धान्त के अनुसार बुद्धि विभिन्न कारकों का मिश्रण है, जिसमें अनेक योग्यताएँ निहित होती हैं। किसी भी मानसिक कार्य में विभिन्न कारक मिलकर एक-साथ कार्य करते हैं। गार्डनर के अनुसार– बुद्धि के विभिन्न प्रकार मानव बुद्धि की विविधता के परिचायक हैं, जो व्यक्तियों को समस्या समाधान करने में वस्तुओं के सृजन में, सांस्कृतिक मूल्य युक्त विभिन्न क्षेत्रों के नए ज्ञान की खोज में सहायता करती है।

15. **Spearman has given :**
**स्पीयरमैन ने दिया–**

(a) Two factor theory of intelligence
बुद्धि का द्विकारक सिद्धान्त
(b) Group factor theory of intelligence
बुद्धि का समूहकारक सिद्धान्त
(c) Multi factor theory of intelligence
बुद्धि का बहुकारक सिद्धान्त
(d) Process oriented theory of intelligence
बुद्धि का प्रक्रिया उन्मुखी सिद्धान्त

**Ans. (a) :** बुद्धि का द्विकारक सिद्धान्त स्पीयरमैन ने दिया था। इस सिद्धान्त के अनुसार बुद्धि के दो तत्व होते हैं।

(1) सामान्य तत्व (G-Factor)
(2) विशिष्ट तत्व (S-Factor)

**(1) सामान्य तत्व–** बुद्धि के सामान्य तत्व को सुविधा की दृष्टि से G-Factor भी कहा जाता है। सामान्य तत्व व्यक्ति की समस्त क्रियाओं में निहित होता है। यह तत्व सभी में जन्म से पाया जाता है।

**(2) विशिष्ट तत्व–** विशिष्ट तत्व को सुविधा की दृष्टि से S-Factor भी कहा जाता है। किसी विशिष्ट कार्य को करने के लिए जिसमें विशेष बुद्धि एवं निपुणता की आवश्यकता पड़ती है। उसमें विशिष्ट तत्व सहायक होता है। यह कारक जन्मजात न होकर अर्जित किया जाता है।

16. **Project method is associated with**
**प्रोजेक्ट विधि सम्बन्धित है–**

(a) Kilpatrick/किलपैट्रिक (b) Rousseau/रूसो
(c) Montessory/मोंटेसरी (d) Froebel/फ्राबेल

**Ans. (a) :** प्रोजेक्ट विधि का प्रतिपादन किलपैट्रिक द्वारा किया गया है। जिसकी मूल अवधारणा जॉन डी.वी. द्वारा दिया गया है। किलपैट्रिक जॉन डी.वी. के शिष्य थे। इस विधि में शिक्षक मार्गदर्शक के रूप में होता है। इस विधि के द्वारा प्रत्यक्ष अनुभव होता है इसमें पता करके सीखने पर बल दिया जाता है। इस विधि में प्राप्त होने वाला ज्ञान स्थाई एवं स्पष्ट होता है। प्रोजेक्ट विधि से बालकों में तारक चिंतन, अन्वेषण शक्ति का विकास होता है।
किलपैट्रिक के अनुसार- ''योजना या प्रोजेक्ट एक ऐसा सोद्देश्य कार्य है जो सामाजिक वातावरण में पूर्ण संलग्नता से सम्पन्न किया जाता है।''

17. **In lesson plan, what is related to students pervious knowledge?**
**पाठ योजना में छात्र के पूर्व अधिगम से सम्बन्धित है?**

(a) Objective writing/उद्देश्य लेखन
(b) Introductory questions/प्रस्तावना प्रश्न
(c) Evaluation questions/मूल्यांकन प्रश्न
(d) Statement of aim/लक्ष्य कथन

**Ans. (b) :** पाठ-योजना में प्रस्तावना प्रश्न छात्र के पूर्व-अधिगम से सम्बन्धित हैं।
किसी भी पाठ को प्रारम्भ करने से पूर्व पाठ को प्रस्तावित करने के लिए अध्यापक विद्यार्थियों से लगभग 5-6 प्रश्न करता है, जो उसके पूर्व ज्ञान को आंकने के लिए होते हैं। अतः पूर्व ज्ञान के आधार पर शिक्षक प्रस्तावना प्रश्न करके पाठ को प्रस्तावित करता है।

18. **Choose the wrong statement :/गलत वाक्य को चुने–**

(a) Student learn best in natural environment
छात्र सबसे अच्छा स्वाभाविक वातावरण में सीखते हैं
(b) Student learn best by doing
छात्र सबसे अच्छा करके सीखते हैं
(c) Student learn best in playway condition
छात्र सबसे अच्छा खेल-खेल में सीखते हैं
(d) Student learn best in controlled environment
छात्र सबसे अच्छा नियंत्रित वातावरण में सीखते हैं

**Ans. (d) :** छात्र सबसे अच्छा नियंत्रित वातावरण में सीखते हैं यह कथन गलत है। मनोवैज्ञानिक के अनुसार सीखना एक मानसिक प्रक्रिया है। मानसिक प्रक्रिया अभिव्यक्ति व्यवहारों के द्वारा होती है। मानव-व्यवहार अनुभवों के आधार पर परिवर्तित और परिमार्जित होता है। छात्र निम्न प्रकार से सीखते हैं–

- छात्र सबसे अच्छा स्वाभाविक वातावरण में सीखते हैं।
- छात्र सबसे अच्छा करके सीखते हैं।
- छात्र सबसे अच्छा खेल-खेल में सीखते हैं।
- छात्र सबसे अच्छा मुक्त वातावरण में सीखते हैं।

क्रो एवं क्रो के अनुसार- 'सीखना, आदतों, ज्ञान तथा अभिवृत्तियों का अर्जन है।'

19. **Which amendment of the constitution emphasized on right to education?/संविधान के किस संशोधन से शिक्षा के अधिकार पर बल दिया गया है?**

(a) $52^{nd}$/52 वाँ (b) $86^{th}$/86 वाँ
(c) $68^{th}$/68 वाँ (d) $22^{nd}$/22 वाँ



www.SarkariTeachers.com

**Ans. (b) :** संविधान के 86वाँ संशोधन से शिक्षा के अधिकार पर बल दिया गया है। इस संविधान संशोधन के अनुसार 6-14 वर्ष के प्रत्येक बच्चे को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार है।
यह सम्बन्धित राज्य द्वारा निर्धारित कानून के तहत होगी। इसका सम्बन्ध अनुच्छेद 21 के पश्चात् जोड़े गये नए अनुच्छेद 21A से है। नया अनुच्छेद 21A, शिक्षा के अधिकार से संबंधित है।

**20. Functions of teaching includes :**
**शिक्षण के कार्य में सम्मिलित हैं–**
(a) Evaluation function/मूल्यांकन कार्य
(b) Remedial function/उपचारात्मक कार्य
(c) Diagnostic function/निदानात्मक कार्य
(d) All of these/उपर्युक्त सभी

**Ans. (d) :** शिक्षण के कार्य हैं–
(1) पाठ्य विषय-वस्तु एवं कार्यों का विश्लेषण करना।
(2) छात्रों की सीखने सम्बन्धी समस्याओं का निराकरण करने के लिये निदानात्मक कार्य करना।
(3) छात्रों को सिखाये गये कार्य का मूल्यांकन करना।
(4) छात्रों को उनकी वैयक्तिक भिन्नताओं के आधार पर समझना और उपचारात्मक कार्य करना।
उपर्युक्त सभी शिक्षण के कार्य में सम्मिलित है।

**21. Teaching will be least effective when :**
**शिक्षण सबसे कम प्रभावशाली होगा, जब–**
(a) Teacher is autocratic/शिक्षक एकाधिकारवादी होगा
(b) Students are passive/विद्यार्थी निष्क्रिय रहेंगे
(c) Emphasis is only on writing
केवल लिखने पर बल हो
(d) All of these/उपर्युक्त सभी

**Ans. (d) :** शिक्षण सबसे कम प्रभावशाली होगा, जब–
(1) शिक्षक एकाकाधिकारवादी होगा।
(2) विद्यार्थी निष्क्रिय रहेंगे।
(3) केवल लिखने पर बल दिया जायेगा।
(4) केवल रटने की प्रक्रिया पर बल दिया जायेगा।
उपर्युक्त सभी कारण शिक्षण को कम प्रभावशाली बनाते हैं।
अतः शिक्षण को प्रभावशाली बनाने के लिए-
- शिक्षक को अपने विषय वस्तु का विशेष ज्ञान प्राप्त होना चाहिए।
- शिक्षक अपने ज्ञान एवं अनुभव से छात्रों के प्रश्नों के उत्तर देकर उसकी जिज्ञासा को शांत करनी चाहिए।
- शिक्षक अपनी शिक्षण प्रक्रिया को एक स्वतंत्र वातावरण में सम्पन्न करनी चाहिए।
- शिक्षक को अपने कार्य के साथ-साथ छात्रों के कार्यों का भी विश्लेषण करना चाहिए, जिससे शिक्षण प्रभावशाली बन सके।

**22. Theory of Trans formational Grammar was given by :/भाषा रूपांतरण सिद्धान्त दिया था–**
(a) Bernstein/बर्नस्टीन ने (b) Chomsky/चौमस्की ने
(c) Fillmore/फिलमर ने (d) Skinner/स्किनर ने

**Ans. (b) :** भाषा रूपान्तरण का सिद्धान्त चौमस्की ने दिया था। चौमस्की को भाषा विकास का जनक कहा जाता है।
चौमस्की के अनुसार, बालक में व्याकरण एवं भाषा को सीखने की क्षमता जन्मजात होती है। अर्थात् भाषा अर्जन करने की क्षमता बचपन से ही छात्र में निहित है। भाषा अर्जन करने की ये क्षमता कुछ निश्चित समय तक ही होती है। भाषा रूपान्तर का अर्थ है, दो व्यक्तियों के बीच भाषिक सम्पर्क स्थापित करना।

**23. Which is not correct with reference to physical structure of the body?**
**शारीरिक गठन के सन्दर्भ में कौन सही नहीं है?**
(a) Mesomarphic/मेसोमोर्फिक
(b) Antagonistic/ऐन्टागोनिस्टिक
(c) Ectomarphic/एकटोमोर्फिक
(d) Endomarphic/एण्डोमोर्फिक

**Ans. (b) :** शारीरिक गठन के सम्बन्ध में ऐन्टोगोनिस्टिक सही नहीं है। ऐन्टोगोनिस्टिक से तात्पर्य है, जब कोई व्यक्ति प्रतिकूल व्यवहार प्रदर्शित करता है।
शेल्डन ने तीन प्रकार के व्यक्तित्व बताये हैं–
1. मेसोमार्फिक (आयताकाय)– ऐसे व्यक्ति गठीले तथा मजबूत शरीर वाले होते हैं।
2. एकटोमार्फिक (लम्बकाय)– ऐसे व्यक्ति दुबला-पतला तथा कमजोर शरीर वाले होते हैं।
3. एण्डोमार्फिक (गोलकाय)– ऐसे व्यक्ति का शारीरिक गठन गोल-मटोल तथा नरम होता है।

**24. Identify the components of motivation from the following :**
**निम्नवत में अभिप्रेरणा के घटकों की पहचान करें–**
(a) Need/आवश्यकता
(b) Drive/अन्तर्नोद
(c) Incentive/प्रोत्साहन
(d) All of the above/उपर्युक्त सभी

**Ans. (d) :** आवश्यकता, अन्तर्नोद, प्रोत्साहन।
उपर्युक्त सभी अभिप्रेरणा के घटक है।
अभिप्रेरणा लक्ष्य आधारित व्यवहार का उत्प्रेरण है।
अभिप्रेरणा का तात्पर्य व्यक्ति की उस आन्तरिक स्थिति से है जो किसी विशेष परिस्थिति में व्यक्ति को अपने लक्ष्य तक पहुँचने के लिए क्रियाशील करती है। दूसरे शब्दों में अभिप्रेरणा एक आंतरिक शक्ति है, जो व्यक्ति को कार्य करने के लिए प्रेरित करती है। अभिप्रेरणा के लक्ष्य सकारात्मक या नकारात्मक दोनों हो सकते है। सकारात्मक लक्ष्य वे होते है जिन्हें व्यक्ति प्राप्त करने की कोशिश करता है जैसे- संबंध, भोजन, सफलता आदि। नकारात्मक लक्ष्य वे होते है जिनसे व्यक्ति बचने या भागने की कोशिश करता है जैसे- शर्मनाक स्थिति, अपमान, दण्ड आदि।

**25. Psycho-Analytic theory was propounded by :**
**मनोविश्लेषणात्मक सिद्धान्त के प्रतिपादक थे–**
(a) Singmund freud/सिंगमंड फ्रायड
(b) Allport/आलपोर्ट
(c) Guilford/गिल्फोर्ड
(d) Both (b) and (c)/(b) व (c) दोनों

**Ans. (a) :** सिंगमंड फ्रायड द्वारा मनोविश्लेषणात्मक सिद्धान्त का प्रतिपादित किया गया था। फ्रायड का मनोविश्लेषण सिद्धान्त गतिशील सिद्धान्त है और इस धारणा पर आधारित है कि व्यक्तित्व और व्यक्तित्व विकास संघर्षों और घटनाओं से निर्धारित होता है। अपने इस सिद्धान्त में फ्रायड ने मानव मस्तिष्क की तुलना बर्फ की से की है, जैसे- बर्फ को अगर पानी में डालते है, तो उसका 90% भाग पानी में तथा 10% भाग बाहर रहता है। चेतन और अचेतन की बीच की अवस्था अर्द्ध चेतन होती है।
फ्रायड के व्यक्तित्व संबंधी विचारो को मनोलैंगिक विकास का सिद्धांत भी कहा जाता है। फ्रायड ने मानव मन की संरचना एवं व्यक्तिगत व्यवहार की क्रियाओं के निरूपण हेतु इदम् (id), अहम् (Ego) तथा पराहम् (Super Ego) की अवधारणा प्रस्तुत की।


www.SarkariTeachers.com

**26. Which of the following is not associated with learning theory propounded by Skinner ......... .**
**निम्नलिखित में से कौन स्किनर द्वारा प्रतिपादित अधिगम के सिद्धान्त से सम्बन्धित नहीं है–**
(a) Programmed Instruction Materials
अभिक्रमित अनुदेशन सामग्री
(b) Personalized Instruction/व्यक्ति निर्धारित अनुदेशन
(c) Learning through errors
त्रुटियों के माध्यम से सीखना
(d) Behaviour modification technique
व्यवहार रूपांतरण तकनीकी

**Ans. (c) :** स्किनर द्वारा प्रतिपादित अधिगम के सिद्धान्त हैं–
(1) अभिक्रमित अनुदेशन सामग्री सिद्धान्त
(2) व्यक्ति निर्धारित अनुदेशन सिद्धान्त
(3) व्यवहार रूपान्तरण तकनीकी सिद्धान्त
जबकि त्रुटियों के माध्यम से सीखना स्किनर द्वारा प्रतिपादित सिद्धान्त नहीं है। यह सिद्धान्त थार्नडाइक द्वारा प्रतिपादित किया गया है। यह सिद्धांत करके सीखने पर बल देता है जो कि आधुनिक समय में बहुत उपयोगी है।

**27. Which of the following is more useful for the students of different abilities and interest?**
**विभिन्न योग्यताओं एवं रुचियों वाले विद्यार्थियों हेतु कौन-सा मूल्यांकन अधिक उपयोगी होगा?**
(a) Internal Evaluation/आंतरिक मूल्यांकन
(b) External Evaluation/बाध्य मूल्यांकन
(c) Practical Evaluation/प्रायोगिक मूल्यांकन
(d) Continuous and Comprehensive Evaluation/
सतत एवं व्यापक मूल्यांकन

**Ans. (d) :** विभिन्न योग्यताओं एवं रुचियों वाले विद्यार्थियों हेतु सतत एवं व्यापक मूल्यांकन अधिक उपयोगी होगा।
सतत एवं व्यापक मूल्यांकन बच्चों में समुचित विकास का निरन्तर और नियमित आकलन है, जिसमें विकास के सभी पहलुओं का विभिन्न विधियों व उपकरणों द्वारा व्यापक आकलन किया जाता है।

**28. Which of the following is NOT related to the Cognitive domain of Bloom's taxonomy of instructional objectives?**
**निम्न में से कौन अनुदेशात्मक उद्देश्यों से सम्बन्धित ब्लूम के वर्गीकरण के संज्ञानात्मक पक्ष से सम्बन्धित नहीं है–**
(a) Comprehension/अवबोध
(b) Knowledge/ज्ञान
(c) Character building/चरित्र निर्माण
(d) Analysis/विश्लेषण

**Ans. (c) :** अनुदेशात्मक उद्देश्यों से सम्बन्धित ब्लूम के वर्गीकरण के 'चरित्र निर्माण' संज्ञानात्मक पक्ष से सम्बन्धित नहीं है। जबकि ज्ञान, बोध, अनुप्रयोग, विश्लेषण, संश्लेषण तथा मूल्यांकन आदि संज्ञानात्मक पक्ष से सम्बन्धित हैं। ब्लूम ने शिक्षण या अनुदेशात्मक उद्देश्यों को तीन भागों में बाँटा है, जिसे अंग्रेजी भाषा में 3H भी कहा गया है। ये 3H हैं– Head (ज्ञानात्मक, ज्ञान क्षेत्र), Heart (भावात्मक ज्ञान क्षेत्र), Hand (मनोसंचालित ज्ञान क्षेत्र)।

**29. Which of the following is NOT the level of teaching?/निम्न में से कौन-सा शिक्षण का स्तर नहीं है?**
(a) Memory Level/स्मृति स्तर
(b) Motivational Level/अभिप्रेरणा स्तर
(c) Understanding Level/अवबोध स्तर
(d) Reflective Level/प्रत्यावर्ती स्तर

**Ans. (b) :** शिक्षण के स्तर (Levels of Teaching) वह आधार है जिसके माध्यम से छात्रों का बौद्धिक विकास किया जाता है। इसमें छात्रों का क्रमबद्ध तरीके से बौद्धिक विकास किया जाता है। शिक्षण के मुख्यतः तीन स्तर हैं, जिनके आधार पर बालकों की शिक्षण प्रक्रिया का क्रियान्वयन किया जाता है। शिक्षण के निम्नलिखित तीन स्तर हैं-
(1) चिंतन/प्रत्यावर्ती स्तर (Reflective Level)
(2) बोध/अवबोध स्तर (Understanding Level)
(3) स्मृति स्तर (Memory Level)

**30. Psycho-social theory of development was propounded by :/विकास के मनोसामाजिक सिद्धान्त का प्रतिपादन किया था–**
(a) Thorndike/थार्नडाइक ने
(b) Erykson/एरिक्सन ने
(c) Skinner/स्किनर ने
(d) Hurlock/हरलॉक ने

**Ans. (b) :** विकास के मनोसामाजिक सिद्धान्त एरिक्सन द्वारा प्रतिपादित किया गया है। एरिक्सन ने भी फ्रायड की तरह व्यक्तित्व विकास का आधार जैविक और लैंगिक माना है परन्तु उसने फ्रायड की विकास सूची को सामाजिक आधार दे दिया।
एरिक्सन ने व्यक्तित्व विकास के लिए सामाजिक कारकों के महत्त्व पर बल दिया और विकास की आठ अवस्थाएँ बताईं, जो निम्न हैं–
(1) शैशवावस्था– विश्वास बनाम अविश्वास
(2) प्रारम्भिक बाल्यावस्था– स्वतंत्रता बनाम लज्जाशीलता
(3) खेल अवस्था– पहल शक्ति बनाम दोषिता
(4) विद्यालय अवस्था– परिश्रम बनाम हीनता
(5) किशोरावस्था– अहम पहचान बनाम भूमिका संभ्रान्ति
(6) तरुण वयस्कावस्था– घनिष्ठ बनाम विलगन
(7) मध्यवयस्कावस्था– जननात्मकता बनाम स्थिरता
(8) परिपक्वतावस्था– अहम् सम्पूर्णता बनाम निराशा।

## Language-I : Hindi/हिन्दी

**31. 'बौना' का तत्सम क्या है?**
(a) वापन
(b) वपन
(c) वामन
(d) बान

**Ans. (c) :** 'बौना' का तत्सम शब्द 'वामन' होगा।
**तत्सम और तद्भव शब्द में अंतर–** तत्सम वे शब्द होते हैं जो संस्कृत भाषा से हिन्दी में ज्यों के त्यों प्रयुक्त होते हैं तथा तद्भव वे शब्द होते हैं जो संस्कृत भाषा से परिवर्तन के साथ हिन्दी में आते हैं। कुछ तत्सम-तद्भव शब्दों की सूची इस प्रकार है–

| तत्सम | तद्भव |
|---|---|
| अग्नि | आग |
| अद्य | आज |
| अर्ध | आधा |
| अक्षि | आँख |
| आमलक | आँवला |
| स्कम्भ | खम्भा |
| क्षेत्र | खेत |
| खर्जू | खुजली |



www.SarkariTeachers.com

**32. 'धूमकेतु' का पर्यायवाची क्या है?**

(a) असुर (b) अग्नि (c) अश्व (d) आकाश

**Ans. (b) :** 'धूमकेतु' का पर्यायवाची शब्द 'अग्नि' है।

| **शब्द** | **पर्यायवाची** |
|---|---|
| अग्नि | वह्नि, पावक, वायुसखा, धूम्रकेतु, धनंजय इत्यादि। |
| असुर | दनुज, दानव, यातुधान इत्यादि। |
| अश्व | वाजि, सैन्धव, हय, घोड़ा, तुरंग, घोटक इत्यादि। |
| आकाश | द्यौ, व्योम, अभ्र, नभ, अनन्त इत्यादि। |

**33. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उत्तर दीजिए।**

आज विज्ञान मनुष्यों के हाथों में अद्भुत और अतुल्य शक्ति दे रहा है, इसका उपयोग एक व्यक्ति और समूह के उत्कर्ष और दूसरे व्यक्ति और समूह के गिराने में होता ही रहेगा। इसलिए हमें उस भावना को जागृत रखना है और उसे जागृत रखने के लिए कुछ ऐसे साधनों को भी हाथ में रखना होगा, जो उस अहिंसात्मक त्याग भावना को प्रोत्साहित करे और भोग भावना को दबाये रखे। नैतिक अंकुश के बिना शक्ति मानव के लिए हितकर नहीं होती।

**उपर्युक्त पंक्ति में कौन मनुष्य के हाथों में अद्भुत और अतुल्य शक्ति दे रहा है?**

(a) विज्ञान (b) साहित्य (c) वाणिज्य (d) कला

**Ans. (a) :** उपर्युक्त पंक्ति के आधार पर मनुष्य के हाथों में अद्भुत और अतुल्य शक्ति 'विज्ञान' दे रहा है।

**34. कफन कहानी के लेखक हैं?**

(a) प्रेमचंद (b) जयशंकर प्रसाद
(c) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी (d) राजेंदर यादव

**Ans. (a) :** 'कफन' कहानी के लेखक कथा सम्राट मुंशी प्रेमचन्द्र हैं। मुंशी प्रेमचंद (धनपतराय) का जन्म 31 जुलाई 1880 ई. को वाराणसी के लमही नामक स्थान पर हुआ। ये मूल रूप से कहानीकार व उपन्यासकार के रूप में प्रसिद्ध हैं। इनकी प्रसिद्ध कहानियों में पंच परमेश्वर, ईदगाह, बड़े घर की बेटी, पूस की रात, गुल्ली डण्डा, कफन इत्यादि है। सेवा सदन, गबन, गोदान कर्मभूमि, रंगभूमि इत्यादि प्रसिद्ध उपन्यास है।
छाया, प्रतिध्वनि, आकाशदीप, आँधी, इन्द्रजाल जयशंकर प्रसाद की प्रसिद्ध कहानी संग्रह है। उसने कहा था, बुद्धू का कांटा, चन्द्रधर शर्मा की प्रसिद्ध कहानी संग्रह है। सिंहवाहिनी, रोशनी कहाँ है, छोटे-छोटे ताजमहल राजेन्द्र यादव की प्रसिद्ध कहानी संग्रह है।

**35. उदित उदय गिरी मंच पर रघुवर बाल पतंग।**
**बिकसे संत सरोज सब, हरषे लोचन-भृंग॥**
**उपर्युक्त पंक्ति में अलंकार है–**

(a) रूपक (b) उपमा
(c) उत्प्रेक्षा (d) विरोधाभास

**Ans. (a) :** उदित उदयगिरि मंच पर, रघुवर बाल पतंग।
विकसे संत सरोज सब, हरषे लोचन भृंग।। पंक्ति में रूपक अलंकार है। प्रस्तुत दोहे में 'उदयगिरि' पर 'मंच' का, 'रघुवर' पर 'बाल-पतंग' (सूर्य) का, 'संतों' पर 'सरोज' का एवं 'लोचनों' पर 'भृंगों' (भौरों) का अभेद आरोप होने से रूपक अलंकार है।
**रूपक अलंकार–** जहाँ उपमेय को उपमान का रूप मान लिया जाता है, वहाँ रूपक अलंकार होता है।
**जैसे–** पायो जी मैंने राम रतन धन पायो।

**36. ''उससे बैठा नहीं जाता है'' में कौन-सा वाच्य है?**

(a) भाववाच्य (b) कर्मवाच्य
(c) कर्तृवाच्य (d) कोई नहीं

**Ans. (a) : वाच्य–** क्रिया के उस परिवर्तन को वाच्य कहते हैं, जिसके द्वारा इस बात का पता चलता है कि वाक्य के अंतर्गत कर्ता, कर्म अथवा भाव इनमें से किसकी प्रधानता है, इसमें किसके अनुसार क्रिया के पुरुष, वचन आदि आए हैं।
वाच्य के तीन प्रकार हैं–
(i) कर्तृवाच्य (ii) कर्मवाच्य (iii) भाववाच्य
**(i) भाववाच्य–** क्रिया के उस रूपान्तर को भाववाच्य कहते हैं, जिससे भाव की प्रधानता का बोध हो।
**उदाहरण–** 1. मुझसे चला नहीं जाता। 2. उससे बैठा नहीं जाता।
**(ii) कर्तृवाच्य–** क्रिया के जिस रूप में कर्ता प्रधान हो, उसे 'कर्तृवाच्य' कहते हैं, जैसे– 1. मीरा गाती है। 2. राम ने दूध पिया।
**(iii) कर्मवाच्य–** क्रिया के जिस रूप में कर्म प्रधान हो, उसे 'कर्मवाच्य' कहते हैं,
जैसे– 1. सीता ने पत्र लिखा। 2. मोहन ने लेख लिखा।

**37. ''राम धीरे-धीरे पढ़ता है'' में कौन-सा अव्यय है?**

(a) सम्बन्धबोधक अव्यय (b) क्रियाविशेषण अव्यय
(c) समुच्चयबोधक अव्यय (d) विस्मयादिबोधक अव्यय

**Ans. (b) : अव्यय /अविकारी शब्द (Indeclinables)–** ऐसे शब्द जिसमें लिंग, वचन, कारक इत्यादि के कारण कोई विकार (परिवर्तन नहीं आता) 'अव्यय' कहलाते हैं।
**नोट–** अव्यय सदैव अपरिवर्तित रहते हैं, इनका मूल रूप स्थिर रहता है, कभी नहीं बदलता।
अव्यय के भेद– अव्यय के चार भेद हैं–
1. क्रिया विशेषण 2. समुच्चय बोधक अव्यय 3. संबंध बोधक अव्यय 4. विस्मयादि बोधक अव्यय।
**1. क्रिया विशेषण अव्यय–** जो शब्द क्रिया की विशेषता बतलाते हैं, वे क्रिया विशेषण 'अव्यय' कहलाते हैं। अर्थ के आधार पर क्रिया विशेषण चार प्रकार के होते हैं–
(i) स्थानवाचक (ii) कालवाचक (iii) परिणामवाचक (iv) रीतिवाचक
**रीतिवाचक–** ऐसे, वैसे, कैसे, धीरे, अचानक, कदाचित, अवश्य, इसलिए, तक, सा, यथासम्भव इत्यादि।
अतः दिया गया प्रश्न 'क्रिया विशेषण रीतिवाचक अव्यय' के अंतर्गत आता है।

**38. ''हिमालय से गंगा निकलती है'' में किस कारक का प्रयोग हुआ है?**

(a) अपादान (b) कर्ता (c) कर्म (d) करण

**Ans. (a) : कारक–** संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से वाक्य के अन्य शब्दों के साथ उसके सम्बन्ध का बोध होता है, उसे कारक कहते हैं। हिन्दी में आठ कारक होते हैं–

| **कारक** | **विभक्ति चिह्न/परसर्ग** |
|---|---|
| कर्ता | ने |
| कर्म | को |
| करण | से, के द्वारा |
| सम्प्रदान | को, के लिए |
| अपादान | से (अलग होने के अर्थ में) |
| सम्बन्ध | का, के, की, रा, रे, री |
| अधिकरण | में, प्पर |
| सम्बोधन | हे!, हो!, अरे! |

जहाँ दो वस्तुओं के मध्य अलगाव का बोध हो वहाँ अपादान कारक होता है। अतः स्पष्ट है कि हिमालय से गंगा निकलती है में 'अपादान कारक' है।



www.SarkariTeachers.com

**39. ''वह खेल रहा है'' में किस प्रकार की क्रिया है?**

(a) अकर्मक (b) क्रदंत (c) सकर्मक (d) संयुक्त क्रिया

**Ans. (a) : क्रिया (Adverb)–** जिस शब्द से किसी कार्य का होना या करना समझा जाए, उसे 'क्रिया' कहते हैं। जैसे– खाना, पीना, पढ़ना, सोना रहना आदि।

**नोट–** 'क्रिया विकारी शब्द है', जिसके रूप में लिंग, वचन और पुरुष के अनुसार परिवर्तन होता रहता है।

कर्म के आधार पर क्रिया के दो भेद हैं–

(i) अकर्मक क्रिया (ii) सकर्मक क्रिया।

**(i) अकर्मक क्रिया–** जिस क्रिया के साथ कर्म का प्रयोग न हो, 'अकर्मक क्रिया' कहते हैं। जैसे–

1. वह खेल रहा है। 2. राम (कर्ता) खाता (क्रिया) है।

**(ii) सकर्मक क्रिया–** जिस क्रिया के साथ कर्म का प्रयोग हो, उसे 'सकर्मक क्रिया' कहते हैं।

जैसे– राम (कर्ता) आम (कर्म) खाता (क्रिया) है।

**(iii) संयुक्त क्रिया–** जब कोई क्रिया दो या दो से अधिक धातुओं के मेल से बनती है, तो उसे 'संयुक्त क्रिया' कहते हैं।

जैसे– वह दिनभर खेलती-कूदती रहती है।

↓ ↓ ↓

(खेलना) (कूदना) (रहना)

**40. ''चमचमात चंचल नयन बिच घुंघट पर झीन।
मानहु सुरसरिता विमल जल उछरत जुग मीन।''
इस पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?**

(a) उत्प्रेक्षा (b) रूपक (c) विरोधाभास (d) यमक

**Ans. (a) :** ''चमचमात चंचल नयन बिच घुंघट पर झीन।
मानहु सुरसरिता विमल जल उछरत जुग मीन।''

पंक्ति में उत्प्रेक्षा अलंकार है।

**उत्प्रेक्षा अलंकार–** जहाँ उपमेय में उपमान की संभावना या कल्पना की जाए, वहाँ उत्प्रेक्षा अलंकार होता है।

इसमें मनु, मानो, मनहु, जनु, जानो, जनहु, ज्यो आदि बोधक शब्द आते हैं।

**जैसे–** सखी सोहत गोपाल के, उर गुंजन की माल।
बाहर लसत मनु पिये, दावानल की ज्वाल।।

**41. ''सूरज का सातवां घोड़ा'' ''गुनाहों का देवता'' किसकी रचनाएं हैं?**

(a) मोहन राकेश (b) नरेश मेहता
(c) जैनेन्द्र (d) धर्मवीर भारती

**Ans. (d) :** ''सूरज का सातवां घोड़ा', 'गुनाहों का देवता' धर्मवीर भारती के प्रसिद्ध उपन्यास हैं।

धर्मवीर भारती का जन्म 25 दिसम्बर 1926 ई. को प्रयागराज में हुआ था। इनके प्रसिद्ध रचनाएं–

**काव्य–** ठंडा लोहा, सात गीत वर्ष, कनुप्रिया, सपना अभी भी।

**कहानी–** बंद गली का आखिरी मकान, मुर्दों का गाँव आदि।

**निबन्ध–** ठेले पर हिमालय, पश्यंती।

**पद्य नाटक–** अंधा युग।

धर्मवीर भारती भारती ने साप्ताहिक पत्रिका 'धर्मयुग' का सम्पादन भी किया।

- आषाढ़ का एक दिन– मोहन राकेश, संशय की एक रात – नरेश मेहता, त्यागपत्र, परख, सुनीता– जैनेद्र के प्रसिद्ध उपन्यास हैं।

**42. 'व' का उच्चारण स्थान क्या है?**

(a) दन्तोष्ठ्य (b) कष्ठ्य
(c) दन्त्य (d) कंठ तालव्य

**Ans. (a) :** जो ध्वनि दन्त और ओठों के सहयोग से उत्पन्न होती है दन्तोष्ठ्य ध्वनि कहलाती है। जैसे– 'व'

उच्चारण स्थान के आधार पर वर्ण ध्वनियों का वर्गीकरण–

| उच्चारण स्थान | वर्ण |
|---|---|
| कण्ठ | अ, आ, क वर्ग, ह और विसर्ग |
| तालु (तालव्य) | इ, ई, च वर्ग, य, श |
| मूर्धा (मूर्धन्य) | ऋ, ट वर्ग र और ष |
| दन्त | लृ, त वर्ग, ल और स |
| ओष्ठ | उ, ऊ, प वर्ग |
| नासिका (नासिक्य) | ञ, ङ, म, ण, न |
| कण्ठ-तालु | ए, ऐ |
| कण्ठ-ओष्ठ | ओ, औ। |

**43. ''अग्नि'' का विशेषण क्या है?**

(a) अनि (b) आग्नेय
(c) अज्ञेय (d) आग

**Ans. (b) :** संज्ञा अथवा सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्दों को विशेषण शब्द तथा जिसकी विशेषता बताये, उसे विशेष्य कहते हैं।

कुछ उदाहरण–

| विशेष्य | विशेषण |
|---|---|
| अग्नि | आग्नेय |
| इच्छा | ऐच्छिक |
| ऋषि | आर्ष |
| दशरथ | दाशरथी |
| नमक | नमकीन |
| वन | वन्य |
| हृदय | हार्दिक |

**44. 'तेजाब' में कौन सी संज्ञा है?**

(a) भाववाचक संज्ञा (b) व्यक्तिवाचक संज्ञा
(c) द्रव्यवाचक संज्ञा (d) समूहवाचक संज्ञा

**Ans. (c) : संज्ञा–** संज्ञा उस विकारी शब्द को कहते हैं, जिससे किसी विशेष वस्तु, भाव, व्यक्ति, स्थान और द्रव्य आदि के नाम का बोध हो संज्ञा कहते हैं।

जैसे– राम (व्यक्ति) दिल्ली (स्थान) आदि।

संज्ञा के पाँच भेद माने जाते हैं–

1. व्यक्तिवाचक 2. जातिवाचक 3. भाववाचक
4. गुणवाचक 5. द्रव्यवाचक

**द्रव्यवाचक संज्ञा–** जब किसी संज्ञा शब्द से किसी द्रव्य का बोध हो तो उसे 'द्रव्यवाचक संज्ञा' कहते हैं। यथा– पानी, लोहा, तेजाब इत्यादि।

**45. 'नाव जल में तैरती है' में कौन-सा कारक है?**

(a) संप्रदान कारक (b) संबंध कारक
(c) करण कारक (d) अधिकरण कारक

**Ans. (d) :** जिस शब्द से क्रिया के आधार का बोध हो, उसे 'अधिकरण कारक' कहते हैं।

**जैसे–** 1. नाव जल में तैरती है। 2. बच्चा छत पर सो रहा है।



www.SarkariTeachers.com

**46. 'महेंद्र' का संधि विच्छेद क्या है?**

(a) मह + ऐन्द्र (b) महा + इन्द्र
(c) मह + इन्दर (d) महाः + ईद

**Ans. (b) :** दो वर्णों के मेल से होने वाले विकार को 'संधि' कहते हैं। 'महेन्द्र' का संधि विच्छेद महा + इन्द्र होगा, यह गुण संधि का उदाहरण है।

**गुण संधि–** यदि 'अ' या 'आ' के बाद 'इ' या 'ई', 'उ' या 'ऊ' और 'ऋ' आये तो दोनों मिलकर क्रमशः 'ए', 'ओ' और अर् हो जाते हैं। **जैसे–** देव + इन्द्र = देवेन्द्र (अ + इ = ए)

महा + ऋषि = महर्षि (आ + ऋ = अर्)

समुद्र + ऊर्मि = समुद्रोर्मि (अ + ऊ = ओ)

वर्णों के आधार पर संधि के तीन भेद हैं–

(क) स्वर संधि

(ख) व्यंजन संधि

(ग) विसर्ग संधि।

**47. 'सेर को सवा सेर' लोकोक्ति का क्या अर्थ है?**

(a) सम्पन्नता (b) असंभव कार्य
(c) एक से बढ़कर दूसरा (d) नष्ट करना

**Ans. (c) :** 'सेर को सवा सेर' लोकोक्ति का अर्थ है– 'एक से बढ़कर दूसरा'।

**लोकोक्ति–** ऐसा वाक्य, कथन अथवा उक्ति जो अपने विशिष्ट अर्थ के आधार पर संक्षेप में ही किसी सच्चाई को प्रकट कर सके उसे ही हम लोकोक्ति या कहावत कहते हैं।

**उदाहरण–**

- साँप का काटा पानी नहीं माँगता (कुटिल व्यक्ति की चाल में फंसा व्यक्ति बच नहीं पाता)
- तेल देखो और तेल की धार देखो (परिस्थिति को देखना)
- छूछा कोई न पूछा (गरीब का आदर सत्कार कोई नहीं करता)

**48. ''खाने की इच्छा'' के लिए एक शब्द बताइये।**

(a) लिप्सा (b) बुभुक्षा
(c) जिगीषा (d) प्रमेय

**Ans. (b) :** ''खाने की इच्छा'' के लिए एक शब्द 'बुभुक्षा' है।

- पाने की इच्छा – लिप्सा
- किसी को जीतने की चाह – जिगीषा
- जो प्रमाण से सिद्ध हो सके – प्रमेय
- जो कहीं जाकर लौट आया हो – प्रत्यागत
- आया हुआ – आगत

**49. 'किंडरगार्टन शिक्षण पद्धति' के जन्मदाता शिक्षा शास्त्री थे–**

(a) कार्लटन वाशबर्न (b) डैकाली
(c) मैडम मांटेसरी (d) फ्रोबेल

**Ans. (d) :** 'किंडरगार्टन शिक्षण पद्धति' के जन्मदाता जर्मनी के प्रसिद्ध शिक्षाशास्त्री फ्रीड्रिक विलियम अगस्त फ्रोबेल थे। फ्रोबेल ने बालक को पौधा, स्कूल को बाग तथा शिक्षक को माली की संज्ञा देते हुए कहा कि विद्यालय एक बाग है, जिसमें बालक रूपी पौधा शिक्षक रूपी माली की देखरेख में अपने आंतरिक नियमों के अनुसार स्वाभाविक रूप से विकसित होता रहता है।

**प्रमुख शिक्षण पद्धति–**

| | | |
|---|---|---|
| डाल्टन पद्धति | – | हेलन पार्क |
| मांटेसरी पद्धति | – | मारिया मांटेसरी |
| प्रोजेक्ट पद्धति | – | जॉन डीवी |
| ह्यूरिस्टिक पद्धति | – | आर्मस्ट्रांग |
| विनेटेका योजना | – | कार्लेट वॉशबर्न |
| बेसिक शिक्षा | – | महात्मा गाँधी |

**50. 'प्रवर' का विलोम शब्द है–**

(a) अंतिम (b) अवर
(c) प्रशस्त (d) अप्रशस्त

**Ans. (b) :** विलोम का अर्थ होता है– उल्टा। किसी शब्द अथवा उसके अर्थ के विपरीत अर्थ प्रकट करने वाले शब्द विलोम कहलाते हैं। 'प्रवर' का विलोम शब्द 'अवर' है। अन्य विकल्प अंतिम का अग्रिम तथा प्रशस्त का अप्रशस्त या संकुचित होता है।

**प्रमुख विपरीतार्थक शब्द–**

| **शब्द** | **विलोम** |
|---|---|
| तीक्ष्ण | कुन्द |
| कुलदीप | कुलांगर |
| गत | आगत |
| ऋजु | वक्र |
| ऋत् | अनृत |
| आकुंचन | प्रसारण |

**51. उपचारात्मक शिक्षण में किस अध्यापन प्रक्रिया का प्रयोग अधिक किया जाता है?**

(a) सामाजिक (b) व्यक्तिगत
(c) यांत्रिक (d) वाचन

**Ans. (d) :** उपचारात्मक विधि शिक्षण की उस विधि को संदर्भित करता है जो शिक्षक को उन समस्याओं को दूर करने के लिए आवश्यक सहायता और मार्गदर्शन के साथ शिक्षार्थियों को प्रदान करने में मदद करता है जो उनके निदान के माध्यम से निर्धारित होते हैं। उपचारात्मक शिक्षण में वाचन अध्यापन प्रक्रिया का प्रयोग अधिक किया जाता है।

**52. 'सखी पिया को जो मै न देखूं**
**तो कैसे कांटू अंधेरी रतियां'**
**किस कवि की काव्य पंक्तियां हैं–**

(a) मुल्ला दाऊद (b) आमीर खुसरो
(c) कुतबन (d) विद्यापति

**Ans. (b) :** 'सखी पिया को जो मैं न देखूं, तो कैसे काटूं अंधेरी रतियां' कवि अमीर खुसरो की काव्य पंक्तियाँ हैं।

**अमीर खुसरो** (1253-1325) का जन्म पटियाली कासगंज (एटा) उत्तर प्रदेश में हुआ था। ये पहेलियाँ और मुकरियों के लिए प्रसिद्ध है। 'खालिकबारी', 'हालात-ए-कन्हैया', 'नजराना-ए-हिन्दी' इनकी प्रसिद्ध रचनाएं हैं।

**कुछ प्रमुख पंक्तियाँ–**

1. गोरी सोये सेज पर, मुख पर डाले केश।
चल खुसरू घर आपने, रैन भई चहूँ देश।।
(अपने गुरू की मृत्यु पर)

2. बीसों का सर काट लिया, ना मारा ना खून किया।
(पहेली : नाखून)



www.SarkariTeachers.com

**53. 'जूठन' आत्मकथा के लेखक हैं–**

(a) तुलसीराम (b) केवल भारती
(c) ओमप्रकाश वाल्मीकि (d) श्योराजसिंह बेचैन

**Ans. (c) :** 'जूठन' आत्मकथा के लेखक 'ओमप्रकाश वाल्मीकि' हैं।
- हिन्दी की प्रथम आत्मकथा बनारसी दास जैन कृत 'अर्द्धकथानक' (1641 ई.) माना जाता है।
- प्रथम दलित आत्मकथा मोहनदास नैमिशराय कृत 'अपने–अपने पिंजरे' माना जाता है।
(c) The sum of two irrational numbers is an irrational number/दो अपरिमेय संख्याओं का योग एक अपरिमेय संख्या होती है
(d) The sum of two natural numbers is a natural numbers/दो प्राकृतिक संख्याओं का योग एक प्राकृतिक संख्या होती है

**Ans. (c) :** दो अपरिमेय संख्याओं का योग एक अपरिमेय या परिमेय संख्या हो सकता है।

उदाहरण–

$4\sqrt{5} + 2\sqrt{5} = 6\sqrt{5} \rightarrow$ अपरिमेय संख्या

$(2 - 6\sqrt{2}) + 6\sqrt{2} = 2 \rightarrow$ परिमेय संख्या

**97. A number exceeds 20% of itself by 60. The number is :/कोई संख्या अपने 20% से 60 अधिक है, वह संख्या है–**

(a) 55 (b) 45
(c) 65 (d) 75

**Ans. (d) :** माना कोई संख्या x है।

$$\frac{x - 20}{100} x = 60$$

$$\frac{80}{100} x = 60$$

$$x = 75$$

**98. The natural number nearest to 3070 which in completely divisible by 17 is :**
**संख्या 3070 के सर्वाधिक निकट 17 से पूरी तरह विभाजित होने वाली प्राकृतिक संख्या है–**

(a) 3060 (b) 3070
(c) 3077 (d) 3068

**Ans. (c) :** 3070 के सर्वाधिक निकट 17 से विभाजित होने वाली संख्या 3077 है।

```
17) 3077 (181
    17
    137
    136
      17
      17
      ××
```

**99. The ratio of cost price and selling price is 5:4 then loss percentage is :**
**क्रय मूल्य और विक्रय मूल्य का अनुपात 5:4 है, तो हानि प्रतिशत हैं–**

(a) 20% (b) 25%
(c) 40% (d) 50%

**Ans. (a) :** क्रय मूल्य = 5x

विक्रय मूल्य = 4x

हानि = क्रय मूल्य – विक्रय मूल्य

$= 5x - 4x = x$

$$\text{हानि } \% = \frac{\text{हानि}}{\text{क्रय मूल्य}} \times 100$$

$$= \frac{x}{5x} \times 100$$

$$= 20\%$$

**100. If the diagonal of a cube is 8√3 an then its surface area is :**
**यदि किसी घन का विकर्ण 8√3 सेमी. है, तो उसका पृष्ठीय क्षेत्रफल है–**

(a) 192 $cm^2$ (b) 512 $cm^2$
(c) 768 $cm^2$ (d) 384 $cm^2$

**Ans. (d) :**




घन का विकर्ण = $\sqrt{3}a$

$\sqrt{3}a = 8\sqrt{3}$

$a = 8$

पृष्ठीय क्षेत्रफल $= 6a^2$

$= 6 \times 64$

$= 384\ cm^2$

**101. Area of the part of 120° of a circle is 66/7 $cm^2$ then diameter of the circle is (π=22/7) :**
**एक वृत्त में 120° के खण्ड का क्षेत्रफल 66/7 सेमी² तो वृत्त का व्यास होगा; (π=22/7) :**

(a) 3 cm (b) 3.6 cm
(c) 2.5 cm (d) 6 cm



www.SarkariTeachers.com

**Ans. (d) :**




$360° \rightarrow 100\%$

$120° \rightarrow \frac{100}{3}\%$

वृत्त का क्षेत्रफल $= \pi r^2$

$= \frac{22}{7} \times r^2$

$120°$ के खण्ड का क्षेत्रफल $= \frac{1}{3}$ वृत्त का क्षेत्रफल

$\frac{66}{7} = \frac{1}{3}$ वृत्त का क्षेत्रफल

$\frac{66}{7} \times 3 = \pi r^2$

$\frac{22}{7} \times r^2 = \frac{66}{7} \times 3$

$r^2 = 3 \times 3$

$r = 3$ सेमी.

व्यास $d = 6$ सेमी.

**102. If the diagonal of a square will be double then area square will be :/यदि किसी वर्ग के विकर्ण को दोगुना कर दिया जाये, तो क्षेत्रफल होगा–**

(a) Three times/तीन गुणा

(b) Four times/चार गुणा

(c) Same as/उतना ही

(d) Eight times/आठ गुणा

**Ans. (b) :**




$d_1 = \sqrt{2}a$

$d_2 = 2\sqrt{2}a$

$\sqrt{2}x = 2\sqrt{2}a$

$x = 2a$

नया क्षेत्रफल $= x^2$

$= 4a^2$

**103. Vinay sold a watch in ₹ 75. He gets profit as the same s cost price of the watch, then cost price of the watch is :/विनय एक घड़ी ₹ 75 में बेचता है, जिससे उसे घड़ी की लागत कीमत के बराबर प्रतिशत लाभ होगा है, तो घड़ी की लागत मूल्य क्या है?**

(a) ₹ 150 (b) ₹ 175

(c) ₹ 60 (d) ₹ 50

**Ans. (d) :** विनय एक घड़ी को 75 रुपये में बेचता है।

विक्रय मूल्य = 75

$$\text{लाभ } \% = \frac{\text{विक्रय मूल्य} - \text{क्रय मूल्य}}{\text{क्रय मूल्य}} \times 100$$

प्रश्नानुसार, लाभ % = x

क्रय मूल्य = x

$$x = \frac{75 - x}{x} \times 100$$

$$\frac{x^2}{100} = 75 - x$$

$$x^2 = 7500 - 100x$$

$x^2 + 100x - 7500 = 0$

$x^2 + 150x - 50x - 7500 = 0$

$x(x + 150) - 50(x + 150) = 0$

$x = 50, -150$

लाभ % = 50

क्रय मूल्य = ₹ 50

**मूल्य विधि→** माना क्रय मूल्य 50 है।

$$\text{लाभ } \% = \frac{75 - 50}{50} \times 100$$

$= 50\%$

**104. If the distance between the centres of two circles is less than the sum of radii of the two, then they:/यदि दो वृत्तों के केन्द्रों के बीच की दूरी उनकी त्रिज्याओं के योग से कम हो, तो वे दोनों वृत्त–**

(a) Touch internally/अन्तः स्पर्शी होंगे

(b) Touch externally/बाह्य स्पर्शी होंगे

(c) Intersect each other./प्रतिच्छेदित करेंगे

(d) Contains one the other/अनावृत्त करेंगे

**Ans. (c) :**

$$(r_2 - r_1) < d < (r_2 + r_1)$$

अतः दोनों वृत्त प्रतिच्छेदित करेंगे।

**105. The missing number is the pattern 1,5,2,10 .......... 15,4,20 is :/अंक विन्यास 1,5,2,10 .......... 15,4,20 में विलुप्त संख्या है–**

(a) 0 (zero)/0 (शून्य) (b) 1 (one)/1 (एक)

(c) 2 (Two)/2 (दो) (d) 3 (Three)/3 (तीन)

**Ans. (d) :**




**106. If a and b be any two positive integers which on division by 6 earn remainder 4 and 5 respectively. Now the remainder when $a^2 + b^2$ in divided by 6 is./यदि a और b धन पूर्णांक संख्याओं को 6 से विभाजित करने पर शेषफल क्रमशः 4 और 5 प्राप्त होते हैं, तब को $a^2 + b^2$ को 6 से विभाजित करने पर शेषफल है–**

(a) 4 (b) 5

(c) 6 (d) 1



www.SarkariTeachers.com

**Ans. (b) :**

6) a (r   6) b (q
  4      5

$6r + 4 = a$

$6q + 5 = b$

$a^2 + b^2 = 36r^2 + 16 + 48r + 36q^2 + 25 + 60q$

$= (36r + 48)r + (36q + 60)q + 16 + 25$

$= (36r + 48)r + (36q + 60)q + 41$

↓ 6 से विभाजित होगी।   ↓ 6 से विभाजित होगी।

41 को 6 से भाग देने पर 5 शेष बचेगा।

**107. If the side of a square is increased by 10% then percentage increase in it's area will be :**
**यदि किसी वर्ग की भुजा 10% की वृद्धि कर दी जाये, तो उसके क्षेत्रफल में कितने प्रतिशत की वृद्धि होगी?**

(a) 10%   (b) 21%
(c) 44%   (d) 100%

**Ans. (b) :**




माना वर्ग की भुजा = 100 सेमी.

10% की वृद्धि करने पर = 110 सेमी.

क्षेत्रफल में वृद्धि $\% = \frac{110^2 - 100^2}{100^2} \times 100 = 21\%$

**108. The product of the age of Mohan before 5 year and after nine year is 15. Then Mohan present age is :/मोहन की 5 वर्ष पूर्व उम्र तथा 9 वर्ष बाद उम्र का गुणनफल 15 है। तब मोहन की वर्तमान आयु है?**

(a) 4   (b) 5
(c) 7   (d) 6

**Ans. (d) :** मोहन की वर्तमान उम्र माना x है।

5 वर्ष पहले की आयु $= x - 5$

9 वर्ष बाद की आयु $= x + 9$

प्रश्नानुसार– $(x - 5)(x + 9) = 15$

$x^2 + 9x - 5x - 45 = 15$

$x^2 + 4x - 60 = 0$

$x^2 + 10x - 6x - 60 = 0$

$x(x + 10) - 6(x + 10) = 0$

$x = 6, x = -10$

वर्तमान आयु = 6 वर्ष

**109. The value $(0.00032)^{0.6}$ is :**
**$(0.00032)^{0.6}$ का मान है–**

(a) 0.080   (b) 0.008
(c) 0.800   (d) 0.832

**Ans. (b) :** $(.00032)^{.6}$

$$\left(\frac{32}{100000}\right)^{\frac{6}{10}} = \left(\frac{32}{100000}\right)^{\frac{3}{5}}$$

$$= \left(\frac{2}{10}\right)^{5\times\frac{3}{5}} \Rightarrow \left(\frac{2}{10}\right)^{3} = .008$$

**110. If the sum of the number 5x9, 327 and 2y8 is 1114 then the largest value x can take in :**
**यदि संख्याओं 5x9, 327 और 2y8 का योग 1114 हो, तब x का महत्तम संभव मान है–**

(a) 9   (b) 8
(c) 7   (d) 6

**Ans. (c) :**

5 x 9
3 2 7
2 y 8
1 1 1 4

$9 + 7 + 8 = 24$

$x + y + 4 = 11$

$x + y = 7$

y का मान 0 रखने पर–

x = 7 महत्तम मान

**111. Which rational number is bigger than rational number 0/–5 :**
**परिमेय 0/–5 संख्या से बड़ी परिमेय संख्या है–**

(a) –1/4   (b) –3/–8
(c) –2/7   (d) –1/3

**Ans. (b) :** $\frac{0}{-5} = 0$ हर 0 होने पर वह संख्या 0 होगी।

0 से बड़ी कोई भी धनात्मक संख्या होगी।

$= \frac{-3}{-8} = \frac{3}{8}$

**112. The product of L.C.M. and H.C.F. of two number is 336. The difference of two numbers is 10. Then the number are?/दो संख्याओं का ल.स. और म.स. का गुणनफल 336 है और उनके बीच का अन्तर 10 है, तो वह संख्याएँ कौन-सी होंगी।**

(a) 10, 20   (b) 14, 24
(c) 24, 34   (d) 34, 44

**Ans. (b) :** L.C.M. × H.C.F. = 336

माना संख्याएँ x और y है।

$x - y = 10$ .... (i)

$x \times y$ = L.C.M. × H.C.F.

$xy = 336$

$(x+y)^2 = (x-y)^2 + 4xy$

$= 100 + 4 \times 336$

$x+y = 38$ .... (ii)

समीकरण (i) और (ii) के जोड़ने पर–

$2x = 48$

$x = 24$

$y = 14$

**113. $4^{61} + 4^{62} + 4^{63} + 4^{64} + 4^{65}$ is divisible by :**
**$4^{61} + 4^{62} + 4^{63} + 4^{64} + 4^{65}$ किस संख्या से भाज्य होगा–**

(a) 3   (b) 11
(c) 17   (d) 19

**Ans. (b) :** $4^{61} + 4^{62} + 4^{63} + 4^{64} + 4^{65}$

$= 4^{61}\{1 + 4 + 4^2 + 4^3 + 4^4\}$

$= 4^{61}\{5 + 16 + 64 + 256\}$

$= 4^{61} \times 341$

$= 341 \times 4^{61} \rightarrow$ (11 से विभाजित होगी)




www.SarkariTeachers.com

114. **What was the time before 5 hr 58 min from 3 : 57 PM :**
**3 : 57 PM से 5 घंटे 58 मिनट पहले क्या समय था–**
(a) 7 : 58 AM (b) 9 : 59 AM
(c) 9 : 59 PM (d) 6 : 59 AM

**Ans. (b) :** 3 : 57 PM से 5 घंटे 58 मिनट घटाने पर–
2 घंटे 117 मिनट
5 घंटे 58 मिनट
9 बजे : 59 मिनट = 9 : 59 A.M.

**अन्य विधि→**
3 बजे 57 मिनट से 6 घंटे घटाने पर–
= 9 : 57 A.M.
2 मिनट जोड़ने पर = 9 : 59 A.M.

115. **The following pic chart show the expenditure incurred by a family in a month over different heads if total income of a family is ₹ 35000, how much has been spent on fuel & food.**
**नीचे दिये गये पाई चित्र में एक परिवार द्वारा विभिन्न मदों में एक महीने के खर्च का विवरण है। यदि परिवार की कुल आय ₹ 35000 है, तो ईंधन तथा भोजन पर कुल कितना खर्च हुआ है?**




(a) ₹ 10700 (b) ₹ 20300
(c) ₹ 30000 (d) ₹ 34000

**Ans. (b) :** ईंधन + भोजन = 10% +| 48%
= 58%
ईंधन + भोजन पर कुल खर्चा–
$= \frac{58}{100} \times 35000 = ₹\ 20300$

116. **Today is 1st April. The day of the week is Wednesday. This is a leap year. The day of the week on this day after 3 year will be :**
**यदि आज 1 अप्रैल है। दिन बुधवार है। यह अधिवर्ष है। आज से 3 वर्ष पश्चात् सप्ताह का कौन-सा दिन होगा?**
(a) Monday/सोमवार (b) Wednesday/बुधवार
(c) Saturday/शनिवार (d) Sunday/रविवार

**Ans. (c) :** शनिवार

117. **The difference between complementary and supplementary angles of a given acute angle is :**
**दिये गये न्यूनकोण के पूरक व सम्पूरक कोणों का अंतर है–**
(a) 60° (b) 90°
(c) 180° (d) 135°

**Ans. (b) :** न्यूनकोण के पूरक व सम्पूरक कोणों का अन्तर सदैव 90° होगा।




न्यून कोण (Complementary) = 90 – x
सम्पूरक कोण = 180 – x
सम्पूरक कोण और न्यून कोण का अंतर= (180–x) – (90 – x)
= 90°

118. **At what time will the simple interest at the rate of $16\frac{2}{3}\%$ per annum be 5/6 of the principal?**
**कितने समय में $16\frac{2}{3}\%$ वार्षिक ब्याज की दर से साधारण ब्याज, मूलधन 5/6 होगा?**
(a) 6 year/6 वर्ष (b) 5 year/5 वर्ष
(c) 4 year/4 वर्ष (d) 7 year/7 वर्ष

**Ans. (b) :** $S.I. = \frac{5}{6}P$
$R = 16\frac{2}{3}\%,\ T = ?$
$S.I. = \frac{PRT}{100} \Rightarrow \frac{5}{6}P = \frac{P \times 50 \times T}{3 \times 100}$
T = 5 वर्ष

119. **What is the profit percentage if you buy bananas at the rate of ₹ 10 dozen and sell them at the rate of 10 bananas at ₹ 10 ?**
**₹ 10 दर्जन की दर से केले खरीद का 12 रुपये के 10 केले की दर से बेचने पर लाभ प्रतिशत होगा?**
(a) 36% (b) 44%
(c) 42% (d) 48%

**Ans. (b) :** ₹ 10 → 12 केले खरीदे
₹ 12 → 10 केले बेचे
क्रय मूल्य = ₹ 100 → 120 केले खरीदे
क्रय मूल्य = ₹ 144 → 120 केले बेचे
लाभ % $= \frac{144 - 100}{100} \times 100 = 44\%$

120. **If 30% of a number is 63 less by three fourth of that number. Then the number is :**
**यदि किसी संख्या का 30% उस संख्या के तीन-चौथाई से 63 कम है, तो वह संख्या है–**
(a) 140 (b) 126
(c) 82 (d) 93

**Ans. (a) :** प्रश्नानुसार– $\frac{30x}{100} = \frac{3x}{4} - 63$
$\frac{3}{10}x - \frac{3}{4}x = -63 \Rightarrow \frac{12x - 30x}{40} = -63$
$\frac{-18}{40}x = -63$
x = 140



www.SarkariTeachers.com

## Environmental Studies
## पर्यावरणीय अध्ययन

**121. Great dividing rage is located in which Continent?**
**ग्रेट डिवाइडिंग रेंज निम्न में कहाँ स्थित है?**
(a) Antarctica/अंटार्कटिका
(b) Asia/एशिया
(c) Australia/ऑस्ट्रेलिया
(d) North America/उत्तरी अमेरिका

**Ans. (c) :** ग्रेट डिवाइडिंग रेंज ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी तट पर स्थित ऑस्ट्रेलिया की सबसे बड़ी एवं सबसे प्रमुख पर्वतमाला है। इस पर्वत श्रेणी और ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप का सर्वोच्च शिखर कोस्यूस्को (2228 मीटर ऊँचा) है। ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप सबसे छोटा महाद्वीप है जो दक्षिणी गोलार्द्ध में स्थित है। जिसका अक्षांशीय विस्तार 10° दक्षिण से 39° दक्षिण तक एवं देशांतरीय विस्तार 113° पूर्व से 153° पूर्व तक है तथा मकरवृत्त इस महाद्वीप के मध्य से गुजरती है। ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप को द्वीपीय महाद्वीप भी कहते हैं। ऑस्ट्रेलिया क्वींसलैण्ड राज्य के उत्तर-पूर्वी तट के साथ-साथ समुद्र में एक प्रवाल भित्ती है जिसे ग्रेट बैरियर रीफ कहते हैं।

**122. The temperature grasslands of South eastern Europe :/दक्षिण पूर्वी यूरोप के शीतोष्ण कटिबंध घास के मैदान को कहा जाता है–**
(a) Tainga/टैगा (b) Tundra/टुंड्रा
(c) Meadows/मीडोज (d) Steppes/स्टॉपीज

**Ans. (d) :** दक्षिण पूर्वी यूरोप के शीतोष्ण कटिबंध घास के मैदान को स्टापीज कहा जाता है। शीतोष्ण कटिबंधीय घास भूमि का विस्तार दोनों गोलार्द्धों में 23.5° से 66.5° अक्षांशों के मध्य पाया जाता है। इस प्रकार की घास भूमि उत्तरी अमेरिका, दक्षिणी अमेरिका, अफ्रीका, यूरेशिया (यूरोप + एशिया) एवं आस्ट्रेलिया में पायी जाती है।

**123. Which of the following is the highest peak of South America :/दक्षिण अमेरिका की सबसे ऊँची चोटी निम्न में से कौन है–**
(a) Mt. Cotopaxy/माउन्ट कोटोपैक्सी
(b) Mt. Etna/माउन्ट ऐटना
(c) Mt. Aconcagua/माउन्ट अन्कोकागुआ
(d) Mt. Kilimanjaro/माउन्ट किलिमंजारो

**Ans. (c) :** दक्षिण अमेरिका की सबसे ऊँची चोटी माउंट अन्कोकागुआ (6960 मीटर ऊँची) है।
दक्षिण अमेरिका में एण्डीज पर्वतमाला नवीन मोड़दार पर्वत है। यह विश्व की सबसे लम्बी (7200 किमी.) पर्वतमाला है एवं इसकी अधिकतम चौड़ाई 15° दक्षिणी अक्षांश एवं मकर रेखा के बीच में है। इसी पर्वतमाला में स्थित अन्कोकागुआ (6960 मी.) दक्षिण अमेरिका की सबसे ऊँची चोटी है, जो दक्षिणी भाग में स्थित है। जबकि एण्डीज के उत्तर-पश्चिम में आटाकामा मरूस्थल जिसमें नाइट्रेट का भण्डार पाया जाता है।

**124. Chlorophyll is found in which of the following :**
**निम्नलिखित में से किसमें क्लोरोफिल पाया जाता है?**
(a) Euglena/युग्लीना में (b) Hydra/हाइड्रा में
(c) Jellyfish/जेलिफ़िश में (d) Sycon/साईकान में

**Ans. (a) :** युग्लीना में क्लोरोफिल पाया जाता है। युग्लीना क्लोरोफिल युक्त हरा प्रोटोज़ोआ है, जिसे जन्तुओं और पादपों के मध्य "संयोजक कड़ी" कहते हैं। यह जन्तु सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति में स्वयंपोषी और अनुपस्थिति में विषमपोषी होता है। यही कारण है, इसका अध्ययन हम जन्तु और पौधों दोनों में करते हैं।

**125. State bird of Uttar Pradesh is?**
**उत्तर प्रदेश का राष्ट्रीय पक्षी है?**
(a) Peacock/मोर (b) Sparrow/गौरैया
(c) Sarus Crane/सारस क्रेन (d) Parrot/तोता

**Ans. (c) :** उत्तर प्रदेश का राष्ट्रीय पक्षी सारस क्रेन है। जबकि मोर भारत देश का राष्ट्रीय पक्षी है। मोर के बढ़ते शिकार के कारण भारत सरकार ने वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत पूर्ण संरक्षण प्रदान किया गया है।
विश्व गौरैया दिवस 20 मार्च को मनाया जाता है। यह विलुप्त होते गौरैया पक्षी के संरक्षण से जुड़ा है।

**126. Which of the following harmones maintains the level of Calcium in Blood.**
**निम्नलिखित में से कौन-सा हार्मोन रक्त में कैल्शियम के स्तर को नियंत्रित करता है–**
(a) Paratharmone/पैराथार्मोन
(b) Thyroxin/थाइरॉक्सिन
(c) Prolactin/प्रोलैक्टिन
(d) Somatotropin/सोमैटोट्रोपीन

**Ans. (a) :** पैराथार्मोन हार्मोन रक्त में कैल्शियम के स्तर को विनियमित करता है।
पीले सरसों के रंग वाले गर्दन में थायरॉइड ग्रंथि के पार्श्व में स्थित पैराथार्मोन के द्वारा पैराथार्मोन हार्मोन का स्रावण किया जाता है। इसी हार्मोन की सहायता से रक्त में कैल्शियम के साथ-साथ फॉस्फेट को भी नियंत्रित करता है।

**127. The thickness of Ozone layer is measured in :**
**ओजोन परत कि मोटाई मापी जाती है–**
(a) Kilometer/किलोमीटर में
(b) Dobson unit/डॉब्सन इकाई में
(c) Fathom/फैदम में
(d) Light year/प्रकाश वर्ष में

**Ans. (b) :** ओजोन परत की मोटाई डाब्सन इकाई में मापी जाती है।
ओजोन परत समताप मण्डल के निचले भाग में 15-35 किमी. की ऊँचाई पर पायी जाती है। इस परत की अधिकतम ऊँचाई 50 किमी. तक बताई जाती है, परन्तु ओजोन का परत के रूप में 15-35 किमी. तक ही है। ओजोन परत सूर्य से निकलने वाले विनाशकारी रेडिएशन से पृथ्वी पर जीवन की सुरक्षा करती है। इसलिए इसे पृथ्वी का सुरक्षा कवच कहते है। ओजोन ऑक्सीजन के तीन परमाणुओं से युक्त एक अणु है, जिसका रंग नीला होता है।

**128. Nitrogen fixing bacteria are found in the root of :/नाइट्रोजन स्थिरता करने वाले जीवाणु जड़ों में उपस्थित होते हैं–**
(a) Wheat/गेहूँ की (b) Paddy/धान की
(c) Pulses/दलहन की (d) All above/उपरोक्त सभी की



www.SarkariTeachers.com

**Ans. (c) :** नाइट्रोजन स्थिर करने वाले जीवाणु फलियों की जड़ों में विशेष संरचनाओं में पाये जाते हैं, जिन्हें रूट नोड्यूल कहते हैं। फलीदार पौधे फैबेसी परिवार के हैं। इन पौधों का राइजोबियम नामक बैक्टीरिया के साथ एक सहजीवी जुड़ाव होता है, जो उनकी जड़ों में रहता है, जड़ नोड्यूल बनाता है और वायुमण्डलीय नाइट्रोजन को पौधों के लिए नाइट्रेट्स और नाइट्राइट में बदलता है और पौधे बैक्टीरिया को पोषण प्रदान करते हैं तथा यह दलहनी फसलों के लिए उपयुक्त है।

**129. Which is an edible Fungus?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा खाने योग्य कवक है?**

(a) Agaricus/एगेरिकस (b) Puccinia/पाक्सिनिआ
(c) Mucar/म्युकर (d) Rhizopus/राइजोपस

**Ans. (a) :** एगेरिकस मशरूम की एक प्रजाति है, जिसमें खाद्य और जहरीली दोनों प्रजातियाँ शामिल हैं, संभवतः दुनिया भर में 300 से अधिक सदस्य हैं। खाद्य मशरूम की प्रमुख और आम किस्म में एगेरिकस, बिस्पोरस और एगेरिकस कैंपेस्ट्रिस शामिल हैं।

**130. Mangrove plants are found in :**
**मैंग्रोव पौधे पाये जाते हैं–**

(a) Himalaya/हिमालय (b) Sundarban/सुंदरवन
(c) Desert/रेगिस्तान (d) Rainforest/वर्षावन

**Ans. (b) :** मैंग्रोव पौधे सुंदरवन में पाये जाते हैं।
मैंग्रोव ऐसे वृक्ष होते हैं, जो खारे पानी या अर्द्ध-खारे पानी में पाये जाते हैं। अक्सर यह ऐसे तटीय क्षेत्रों में पाये जाते हैं, जहाँ कोई नदी किसी सागर में बह रही होती है, जिससे जल में मीठे पानी और खारे पानी का मिश्रण होता है। भारत में मैंग्रोव वन अंडमान व निकोबार द्वीप समूह व पंश्चिम बंगाल के सुंदरवन डेल्टा में अत्यधिक विकसित है। इसके अलावा ये महानदी, गोदावरी और कृष्णा नदियों के डेल्टाई भाग में पाये जाते हैं। इन वनों में बढ़ते अतिक्रमण के कारण इसका संरक्षण आवश्यक हो गया है।

**131. Which of the following structure is triploid in angiospermous plants :/आवृतबीजी पौधों में निम्नलिखित में से कौन-सी संरचना त्रिगुणित है?**

(a) Radicle/मुलांकुर (b) Cotyledon/बीजपत्र
(c) Plumule/प्रांकुर (d) Endosperm/भ्रूणपोष

**Ans. (d) :** आवृतबीजी पौधों में त्रिगुणित भ्रूणपोष की संरचना होती है। ऐसे पौधे जिनके बीज आवरण से ढके होते हैं, उन्हें आवृतबीजी पौधे कहते हैं, जैसे– आम। भ्रूणपोष का विकास भ्रूण-विकास के रूप में बढ़ता है। बीज के परिपक्व होने से पहले भ्रूणपोष पूरी तरह से विकासशील भ्रूण (जैसे - मटर, मूँगफली, सेम आदि) द्वारा उपभोग कर लिया जाता है। आवृत्तबीजियों में, लैंगिक जनन का अंतिम परिणाम बीज होता है। इसको प्रायः एक निषेचित बीजांड के रूप में वर्णित किया जाता है।

**132. In which of the following families Parietal Placentation is present :/निम्नलिखित में से किस कुल में भित्तिलग्न बीजाण्डन्यास पाया जाता है?**

(a) Brassiaceae/ब्रेस्सिकेसी (b) Malvaceae/मालवेसी
(c) Asteraceae/ऐस्टेरिसो (d) Solanaceae/सोलेनेसी

**Ans. (a) :** ब्रेसीकेसी कुल में भितिलग्न बीजाण्डन्यास पाया जाता है। पार्श्विक प्लेसेंटेशन द्विकार्पेलरी में बहुकार्पेलरी सिंकपर्स अण्डाशय में पाया जाता है। झूठे पट के निर्माण के कारण एककोशिकीय अण्डाशय द्विनेत्री बन जाता है। पार्श्विका प्लेसेंटेशन ब्रेसीकेसी परिवार में होता है। Brassicaceae में Gynoecium bicarpellary, syncarpous, बेहतर अण्डाशय एक कोशिकीय होता है, जो एक झूठे पट के गठन के कारण द्विनेत्री बन जाता है।

**133. End product of anaerobic respiration is :**
**अनॉक्सी-श्वसन का अंतिम उत्पाद होता है?**

(a) Glucose/ग्लूकोज
(b) Ethyl alcohol/एथिल ऐल्कोहल
(c) Malic acid/मैलिक एसिड
(d) None of the above/उपरोक्त में से कोई नहीं

**Ans. (b) :** वह श्वसन जो बिना ऑक्सीजन के होता है, अवायवीय श्वसन कहलाता है। जैसे– सूक्ष्मजीव ग्लूकोज (भोजन) को इथेनाल, कार्बन-डाईआक्साइड में तोड़ते हैं और ऊर्जा छोड़ते हैं। इसलिए अवायवीय श्वसन की पूरी प्रक्रिया कोशिकाओं के कोशिका द्रव्य में होती हैं। जंतुओं में जब ग्लूकोज अणु अवायवीय श्वसन में टूट जाते हैं, तो पाइरूवेट कोशिकाओं में रहता है। लैक्टिक एसिड को बाद में पानी और $CO_2$ में ऑक्सीकृत करने की आवश्यकता होती है।
**नोट -** कुछ स्रोत में ग्लूकोज़ एथिल एल्कोहल दोनो माना गया है और आयोग द्वारा यह पेपर निरस्त किया गया है तथा answer key नही जारी की गयी है।

**134. Who established the Indian Women's University in Mumbai in 1906 A.D.?**
**1916 ई. में मुम्बई में भारतीय महिला विश्वविद्यालय की स्थापना किसने किया था?**

(a) Aatma Ram Pandurang/आत्मा राम पांडुरंग
(b) D.K. Karve/डी.के. कर्वे
(c) Mahadev Govind Ranade/महादेव गोविंद रानाडे
(d) Keshav Chandra Sen/केशव चंद्र सेन

**Ans. (b) :** 1916 ई. में मुम्बई में भारतीय महिला विश्वविद्यालय की स्थापना डी केत्र कर्वे ने की थी। भारतीय समाज में स्त्रियों की दयनीय दशा को देखते हुए सर्वप्रथम ईसाई मिशनरियों ने 1819 ई. में कलकत्ता में 'तरुण स्त्री सभा' की स्थापना की।
प्रार्थना सभा की स्थापना 1867 ई. में आत्माराम पाण्डुरंग ने की थी। आर.जी. भण्डारकर तथा एम.जी. रानाडे 1870 ई. में इसके सदस्य बने। इनका प्रमुख उद्देश्य हिन्दू धर्म के विचारों तथा प्रचलित मान्यताओं में सुधार करना था।
इंडियन नेशनल सोशल कॉफ्रेंस की स्थापना 1887 ई. में एम.जी. रानाडे ने की थी।
भारतीय ब्रम्ह समाज की स्थापना 1866 ई. में केशव चन्द्र सेन ने की थी। मूल ब्रम्ह समाज (राजाराम मोहन राय द्वारा स्थापित) से अलग होकर सेन ने नई संस्था स्थापित की थी।

**135. The famous Rath Yatra of Puri is associated with :/पुरी की प्रसिद्ध रथ यात्रा सम्बन्धित है–**

(a) Lord Rama/भगवान राम से
(b) Lord Vishnu/भगवान विष्णु से
(c) Lord Shiva/भगवान शिव से
(d) Lord Jagannath/भगवान जगन्नाथ से

**Ans. (d) :** पुरी की प्रसिद्ध रथ यात्रा भगवान जगन्नाथ से सम्बन्धित है। उड़ीसा का जगन्नाथ पुरी धाम भारत में ही नहीं, बल्कि विश्वभर में प्रसिद्ध है। यह माना जाता है कि यात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ का विशाल रथ खींचना, उनके भक्तों का सौभाग्य होता है। उत्कल प्रदेश के प्रधान देवता श्री जगन्नाथ जी ही माने जाते हैं। यहां के वैष्णव धर्म की मान्यता है राधा और कृष्ण की युगल मूर्ति के प्रतीक स्वयं जगन्नाथ जी हैं। इसी प्रतीक के रूप में श्री जगन्नाथ से सम्पूर्ण जगत का उद्भव हुआ।



www.SarkariTeachers.com

136. **On which river bank the Nasik Kumbh Mela is held at?**
**नासिक में कुम्भ मेला किस नदी के तट पर लगता है?**
(a) Shipra/शिप्रा (b) Narmada/नर्मदा
(c) Godawari/गोदावरी (d) Tapti/ताप्ती

**Ans. (c) :** नासिक में कुंभ मेला का आयोजन गोदावरी नदी के तट पर होता है। कुंभ मेला भारतवर्ष में चार स्थानों पर होता है– प्रयाग में गंगा-यमुना और पौराणिक सरस्वती नदी के संगम तट पर तथा उज्जैन में कुंभ मेला का आयोजन शिप्रा/क्षिप्रा नदी के तट पर होता है। जबकि हरिद्वार में गंगा नदी के किनारे कुंभ मेला का आयोजन होता है।

137. **What was 'Sandhya'? / 'संध्या' क्या था?**
(a) Hymn/भजन
(b) News Paper/अखबार
(c) Political Party/राजनीतिक दल
(d) Religious Institution/धार्मिक संस्था

**Ans. (b) :** संध्या एक अखबार था, जो बंग्ला भाषा में प्रतिदिन या दैनिक अखबार के रूप में प्रकाशित होता था। यह अख़बार बंगाल विभाजन के दौरान 1906 ई. में ब्रह्मबान्धव उपाध्याय द्वारा शुरू किया गया था।
भारत में प्रथम समाचार पत्र निकालने का श्रेय जेम्स ऑगस्टस हिक्की को दिया जाता है। इन्होंने 1780 ई. में बंगाल गज़ट का प्रकाशन किया।

138. **What is the total number of members in state Legislative Council of Uttar Pradesh?/उत्तर प्रदेश राज्य विधान परिषद् में कुल सदस्य संख्या कितनी है?**
(a) 100 Members/100 सदस्य
(b) 110 Members/110 सदस्य
(c) 80 Members/80 सदस्य
(d) 104 Members/104 सदस्य

**Ans. (a) :** उत्तर प्रदेश राज्य विधान परिषद् में कुल सदस्य संख्या 100 है।
किसी राज्य में विधान परिषद् की स्थापना और समाप्ति का प्रावधान अनुच्छेद 169 में दिया गया है। विधान परिषद् राज्य विधान मण्डल का उच्च सदन है। वर्तमान में केवल 6 राज्यों [उत्तर प्रदेश (99), कर्नाटक (75), महाराष्ट्र (78), बिहार (75), आन्ध्र प्रदेश (50) तथा तेलंगाना (40)] में विधान परिषदें विद्यमान हैं। विधान परिषद् का सदस्य बनने के लिए न्यूनतम आयु-सीमा 30 वर्ष है।

139. **The Flag code of India came into effect from?**
**भारतीय ध्वज संहिता कब से प्रभावी हुई?**
(a) From 26 January, 2001/26 जनवरी, 2001 से
(b) From 26 January, 2002/26 जनवरी, 2002 से
(c) From 15 August, 2001/15 अगस्त, 2001 से
(d) From 15 August, 2002/15 अगस्त, 2002 से

**Ans. (b) :** भारतीय ध्वज संहिता 26 जनवरी, 2002 से प्रभावी हुई–
- भारत के संविधान सभा ने राष्ट्रध्वज का प्रारूप 22 जुलाई, 1947 को अपनाया। राष्ट्रीय ध्वज को संविधान सभा में हंस मेहता ने भेंट किया। भारतीय ध्वज संहिता 2002 के अनुसार सभी भारतीय नागरिकों एवं निजी संस्थाओं आदि को भी राष्ट्रीय ध्वज प्रदर्शन का अधिकार है।
- प्रसिद्ध झण्डा गीत 'झण्डा ऊँचा रहे हमारा' की रचना श्याम लाल प्रसाद गुप्ता ने की।

140. **The song "Jana-Gana-Mana" was adopted in its Hindi version by the Constituent Assembly as the National Anthem of India on which date?**
**''जन-गण-मन'' की हिन्दी संस्करण को संविधान सभा ने भारतीय के राष्ट्रीयगान के रूप में कब अपनाया?**
(a) 24 January, 1950/24 जनवरी, 1950
(b) 26 January, 1950/26 जनवरी, 1950
(c) 15 August, 1947/15 अगस्त, 1947
(d) 26 November, 1949/26 नवम्बर, 1949

**Ans. (a) :** राष्ट्रगान रवीन्द्रनाथ ठाकुर द्वारा मूल रूप से बांग्ला में रचित जन-गण-मन के हिन्दी संस्करण को संविधान सभा ने 24 जनवरी, 1950 ई. को भारत का ''राष्ट्रगान'' स्वीकार किया। इसके गायन का समय 52 सेकेण्ड है तथा संक्षिप्त अवधि 20 सेकेण्ड में गाया जाता है। यह सर्वप्रथम 27 दिसम्बर, 1911 ई. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कोलकाता अधिवेशन (अध्यक्ष– पं. विशन नारायण दत्त) में किया गया।

141. **Name of the Speaker in Seventeenth Lok Sabha is?/सत्रहवीं लोकसभा के लोकसभा अध्यक्ष कर नाम है?**
(a) Sumitra Mahajan/सुमित्रा महाजन
(b) Om Birla/ओम बिड़ला
(c) Rajnath Singh/राजनाथ सिंह
(d) Amit Shah/अमित शाह

**Ans. (b) :** सत्रहवीं लोकसभा के लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला हैं। संविधान के अनुच्छेद-93 के अनुसार लोकसभा स्वयं ही अपने सदस्यों में से एक अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुनेगी।
लोकसभा अध्यक्ष, भारतीय संसद के निम्नसदन, लोकसभा का सभापति एवं अधिष्ठाता होता है। लोकसभा अध्यक्ष का निर्वाचन लोकसभा चुनावों के बाद, लोकसभा की प्रथम बैठक में ही कर लिया जाता है।

142. **Who is the chairman of Inter-state Council in India?/भारत में अंतर-राज्यीय परिषद् का अध्यक्ष कौन होता है?**
(a) President/राष्ट्रपति
(b) Vice-President/उप राष्ट्रपति
(c) Prime-Minister/प्रधानमंत्री
(d) Union Home Minister/केन्द्रीय गृहमंत्री

**Ans. (c) :** भारत में अंतर्राज्यीय परिषद् का अध्यक्ष प्रधानमंत्री होता है।
- संविधान के अनुच्छेद-263 के अन्तर्गत केन्द्र एवं राज्यों के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए राष्ट्रपति एक अन्तर्राज्य परिषद् की स्थापना कर सकता है।
- पहली बार 1990 ई. में अन्तर्राज्यीय परिषद् की स्थापना की गयी। केन्द्र सरकार ने शक्तियों के वितरण के क्षेत्रों में केन्द्र और राज्यों के बीच विवादास्पद मुद्दों की जांच करने के लिये न्यायमूर्ति आर. एस. सरकारिया की अध्यक्षता में 1988 में एक आयोग गठित किया था। सरकारिया आयोग ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 263 के अनुसार परिभाषित अधिदेश के अनुशरण में परामर्श करने के लिये अन्तर्राज्यीय परिषद स्थापित करने की सिफारिश की थी।


www.SarkariTeachers.com

**143. Amongst the following, while performing duties who shall have the right of audience in all courts in the territory of India?**
**निम्नलिखित में से किसे अपने कर्तव्यों के पालन के लिए भारत के राज्यक्षेत्र के सभी न्यायालयों में सुनवाई का अधिकार होगा?**

(a) Comptroller and Auditor General of India
भारत का नियंत्रक महालेखा परीक्षक
(b) Speaker of the House of the People
लोक सभा का अध्यक्ष
(c) Attorney-General of India/भारत का महान्यायवादी
(d) Prime Minister of India/भारत का प्रधानमंत्री

**Ans. (c) :** भारत के महान्यायवादी पद का उल्लेख संविधान में अनुच्छेद 76 के अन्तर्गत किया गया है, जिसकी नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है, जो व्यक्ति Supreme Court के न्यायाधीश बनने की योग्यता रखता है। भारत का महान्यायवादी भारत सरकार का मुख्य कानूनी सलाहकार तथा भारतीय उच्चतम न्यायालय में सरकार का प्रमुख वकील होता है, भारत के प्रथम महान्यायवादी, एम.सी. सीतलवाड़ तथा वर्तमान के महान्यायवादी के.के. वेणुगोपाल हैं।

**144. The district where the Ganga river enters the state of Uttar Pradesh :/वह जिला जहाँ गंगा नदी उत्तर प्रदेश राज्य में प्रवेश करती है–**

(a) Meerut/मेरठ (b) Bulandshahr/बुलन्दशहर
(c) Mathura/मथुरा (d) Bijnor/बिजनौर

**Ans. (d) :** गंगा नदी उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिला में सर्वप्रथम प्रवेश करती है। गंगा नदी उत्तराखण्ड के उत्तरकाशी में स्थित गंगोत्री ग्लेशियर के गोमुख नामक स्थान से जाह्नवी के नाम से निकलती है जिसे ग्लेशियर के बाद भागीरथी के नाम से जाना जाता है तथा आगे चलकर देवप्रयाग में भागीरथी अलकनंदा से मिलती है और फिर उसके बाद यह गंगा के रूप में जानी जाती है।

**145. Which of the following rivers is not the tributary of the Yamuna river?**
**निम्नलिखित नदियों में से कौन यमुना नदी की सहायक नहीं है?**

(a) Gandak/गंडक (b) Chambal/चम्बल
(c) Betwa/बेतवा (d) Ken/केन

**Ans. (a) :** गंडक यमुना नदी की सहायक नदी नहीं हैं।
यमुना नदी गंगा की सबसे बड़ी सहायक नदी है, जो यमुनोत्री (उत्तरकाशी से 30 किमी. उत्तर, गढ़वाल) नामक जगह से निकलती हैं और प्रयाग में गंगा नदी के दाहिने तट पर आकर मिल जाती है। यमुना की सहायक नदियों में टोंस नदी, बेतवा नदी, चंबल नदी, केन नदी और सिंध नदी हैं, जिसमें टोंस यमुना नदी की सबसे बड़ी सहायक नदी है, जबकि गण्डक नदी गंगा नदी की सहायक नदी है।

**146. Which is the highest Indian Peak :**
**भारत की सबसे ऊँची चोटी कौन-सी है–**

(a) Nanda Devi/नंदा देवी (b) K2/के2
(c) Atlas/एटलस (d) Kamet/कॉमेट

**Ans. (b) :** भारत की सबसे ऊँची चोटी K2 है।
K2 (गॉडविन ऑस्टिन) विश्व का दूसरा सबसे ऊँचा पर्वत है। यह हिमालय के काराकोरम श्रेणी में स्थित है, जिसकी लम्बाई 8611 मीटर है। यह माउण्ट एवरेस्ट के बाद पृथ्वी की दूसरी सबसे ऊँची चोटी है। K2 पर्वत पाकिस्तान के गिलगित-बलूचिस्तान क्षेत्र चीन द्वारा नियंत्रित शिनजिआंग प्रदेश की सीमा पर है, जबकि भारत की चोटियों में कामेंट (7756 m), त्रिशूल (7120 m), नंदादेवी (7816 m), सब उत्तराखण्ड में है तथा कंचनजंघा भारत की सबसे ऊँची चोटी है, जिसकी ऊँचाई 8598 m है।

**147. The plateau which is located in Austraia.**
**वह पठार जो ऑस्ट्रेलिया में स्थित है–**

(a) Colorado/कोलोरैडो (b) Kimberley/किम्बर्ले
(c) Katanga/कटंगा (d) Patagonia/पेटागोनिया

**Ans. (b) :** किम्बर्ले पठार ऑस्ट्रेलिया में स्थित है।
किम्बर्ले पठार, जिसे किम्बर्ले भी कहा जाता है, यह उत्तरी पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया का एक पठारी क्षेत्र है। जबकि किम्बरली या किम्बर्ले दक्षिण अफ्रीका के उत्तरी केप प्रान्त की राजधानी है। किम्बर्ले ऐतिहासिक रूप से हीरे की खनन के लिए प्रसिद्ध है।

**148. The district of Uttar Pradesh which does not form part of Bundelkhand Plateau:**
**उत्तर प्रदेश का वह जिला जो बुन्देलखंड पठार का भाग नहीं है–**

(a) Hamirpur/हमीरपुर (b) Lalitpur/ललितपुर
(c) Mirzapur/मिर्जापुर (d) Jhansi/झाँसी

**Ans. (c) :** उत्तर प्रदेश का मिर्जापुर जिला बुन्देलखण्ड पठार का भाग नहीं है।
बुन्देलखण्ड का पठार विस्तार ग्वालियर के पठार और विंध्याचल श्रेणी के बीच मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश राज्यों में है। इसके अन्तर्गत उत्तर प्रदेश के सात जिले (जालौन, झाँसी, ललितपुर, चित्रकूट, हमीरपुर, बाँदा, महोबा) तथा मध्य प्रदेश के (दतिया, टीकमगढ़, सागर, दमोह और पन्ना जिला) शामिल है।

**149. In which of the following states the Dudhwa National Park is located?/निम्नलिखित राज्य में से किसमें दुधवा राष्ट्रीय उद्यान स्थित है?**

(a) Odisha/ओडिशा
(b) Madhya Pradesh/मध्य प्रदेश
(c) Uttar Pradesh/उत्तर प्रदेश
(d) Uttarakhand/उत्तराखंड

**Ans. (c) :** उत्तर प्रदेश राज्य में दुधवा राष्ट्रीय उद्यान स्थित है।
दुधवा राष्ट्रीय उद्यान उत्तर प्रदेश (भारत) के लखीमपुर खीरी जनपद में स्थित संरक्षित वन है। यह भारत और नेपाल की सीमाओं से लगे विशाल वन क्षेत्र में फैला है। यह उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा एवं समृद्ध जैव विविधता वाला क्षेत्र है। यह राष्ट्रीय उद्यान बाघों और बारहसिंगा के लिए विश्व प्रसिद्ध है। इसके अलावा चन्द्रप्रभा वन्यजीव अभ्यारण्य भी उत्तर प्रदेश में स्थित है।

**150. Metur Dame is Constructed on which river :**
**मैटूर बाँध का निर्माण किस नदी पर हुआ है–**

(a) Ganga/गंगा (b) Kaveri/कावेरी
(c) Mahanadi/महानदी (d) Sutlej/सतलज

**Ans. (b) :** मैटूर बाँध का निर्माण कावेरी नदी पर हुआ है।
मैटूर बाँध भारत के बड़े बाँधों में से एक है। यह तमिलनाडु में है और कावेरी नदी पर है, जहाँ पर नदी समतल पर प्रवेश करती है। इसकी कुल लम्बाई 1700 मी. है। कावेरी नदी का उद्गम कर्नाटक के कोडगू जिले के ब्रह्मगिरि की पहाड़ियों से होता है। बंगाल की खाड़ी में गिरने से पूर्व यह तमिलनाडु के तंजावुर जिले के समीप एक समकोणिक डेल्टा का निर्माण करती है।



www.SarkariTeachers.com